मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 8 अंक 18
गुरुवार, 24 जुलाई 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

# मानसून सत्र के तीसरे दिन भी जारी रहा हंगामा

**नई दिल्ली, 23 जुलाई।** संसद के मानसून सत्र के तीसरे दिन बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्षी सदस्यों द्वारा लगातार नारेबाजी के बाद दोनों सदनों की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के विरोध प्रदर्शन के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने भी बुधवार को संसद के बाहर बिहार के एसआईआर मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच, सूत्रों के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत चर्चा 29 जुलाई को राज्यसभा में निर्धारित की गई है, जिसके लिए 16 घंटे का समय आवंटित किया गया है।

लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर बुधवार को भी सदन में हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा में बुधवार को सरकार ने एक विधेयक पेश किया जिसके प्रावधानों के दायरे में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भी आएगा तथा इसमें भले ही बीसीसीआई की स्वायत्तता को बरकरार रखा गया है किंतु उससे जुड़े विवादों का निस्तारण राष्ट्रीय पंचाट के जरिये करवाने का प्रस्ताव है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इन प्रावधानों वाला सदन में राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 पेश किया।

## लोकसभा में राष्ट्रीय खेल शासन बिल पेश



खेलों में डोपिंग रोधी उपायों को बढ़ाने के उद्देश्य से बनाए गए एक कानून में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के सुझावों के मुताबिक बदलाव शामिल करते हुए एक संशोधन विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश किया गया। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सदन में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक, 2025 पेश किया।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख घटक जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद गिरिधारी यादव ने बुधवार को लोकसभा में दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में बिहार को एक भी नई ट्रेन नहीं मिली, जबकि केंद्र में राजग की सरकार लाने में इस प्रदेश की बड़ी भूमिका है। इस पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मोदी सरकार ने बिहार के लिए पांच नई अमृत भारत रेलगाड़ियां चलाई हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करने वाले सांसदों पर निर्णायक कार्रवाई की चेतावनी देते हुए बुधवार को नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा कि वे सड़कों का आचरण संसद के भीतर कर रहे हैं, जबकि वो माननीय हैं और उनका व्यवहार माननीय जैसा ही होना चाहिए।

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी दलों के विरोध के चलते राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार को बाधित रही और दो बार स्थगन के बाद दोपहर दो बज कर पांच मिनट पर बैठक पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

# गुजरात में 4 आतंकियों को एटीएस ने किया गिरफ्तार

**गुजरात, 23 जुलाई।** गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) से कथित रूप से जुड़े चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने गिरफ्तारियों की पुष्टि की और कहा कि मॉड्यूल और उसके संचालन के बारे में अधिक जानकारी साझा करने के लिए जल्द ही एक विस्तृत प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये गिरफ्तारियाँ आतंकवाद-रोधी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता हैं। माना जा रहा है कि यह समूह अदक्र के गुर्गों के संपर्क में था। आगे की जाँच के बाद संदिग्धों की पहचान और उनकी गतिविधियों का खुलासा होने की उम्मीद है। रिपोर्टों के अनुसार, आरोपी व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को चरमपंथी समूहों से जोड़ रहे थे। गुजरात एटीएस की टीमों ने इन प्लेटफॉर्म्स से आपत्तिजनक चैट बरामद की थीं, जिससे संदिग्ध कुछ समय से रडार पर थे। लगातार निगरानी के बाद, गुजरात एटीएस ने एक अभियान शुरू किया और आज चार आतंकवादियों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। गुजरात एटीएस के सूत्रों ने बताया कि चारों काफी समय से अल-कायदा के नेटवर्क के संपर्क में थे। कथित तौर पर वे ऑनलाइन समूहों में शामिल हो रहे थे और अपने आकाओं के साथ नियमित संपर्क बनाए हुए थे, चरमपंथी विचारों को साझा और फैला रहे थे।

# किरण खेर को नोटिस, सरकारी आवास का 12 .76 लाख रुपये बकाया

**चंडीगढ़, 23 जुलाई।** चंडीगढ़ प्रशासन ने पूर्व भाजपा सांसद किरण खेर को सेक्टर 7 में आवंटित सरकारी आवास के लिए लगभग 13 लाख रुपये की बकाया लाइसेंस फीस के लिए नोटिस जारी किया है। अधिकारियों के अनुसार, सहायक नियंत्रक (वित्त एवं प्रशासन) किराया ने 24 जून, 2025 को खेर के सेक्टर 8-ए स्थित कोठी संख्या 65 स्थित आवास पर नोटिस भेजा था। नोटिस में उन्हें जल्द से जल्द बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है और चेतावनी दी गई है कि यदि भुगतान में और देरी हुई तो कुल बकाया राशि पर 12% ब्याज लगाया जाएगा। प्रशासन ने भाजपा नेता से कुल 12,76,418 रुपये की मांग की है। यह बकाया राशि सेक्टर 7 स्थित सरकारी आवास टी-6/23 के लाइसेंस शुल्क (किराए) और जुमार्ने से संबंधित है। अधिकारियों ने बताया कि जुमार्ने में 100% तक का जुमार्ना और कुछ बकाया राशि पर 200% तक का जुमार्ना भी शामिल है। इस घटनाक्रम ने पूर्व सांसद द्वारा लंबे समय तक आवास पर कब्जा बनाए रखने और भुगतान न करने पर सवाल



खड़े कर दिए हैं। अभी तक, खेर या उनके कार्यालय की ओर से नोटिस के संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। नोटिस के अनुसार, जुलाई 2023 से 5 अक्टूबर 2024 तक लाइसेंस शुल्क 5,725 रुपये देय था, जबकि 6 अक्टूबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक आवासीय परिसर पर अनधिकृत कब्जा करने पर 100 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया, जो 3.64 लाख रुपये था। 6 जनवरी से 12 अप्रैल (परिसर खाली करने की आधिकारिक तिथि) तक, 200 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया, जो कुल मिलाकर 8.20 लाख रुपये होता है।

# आगरा के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल में किया गया 'रोडकिल' का जिक्र

**आगरा, 23 जुलाई।** उत्तर प्रदेश के आगरा में बुधवार को दो स्कूलों को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिससे अफरा-तफरी मच गई, स्कूलों को तुरंत खाली कराया गया और सुरक्षा व्यवस्था को व्यापक रूप से सक्रिय किया गया। हालांकि अभी तक कोई विस्फोटक नहीं मिला है, लेकिन 'रोडकिल' और 'साइलेंस' जैसे अजीबोगरीब छद्म नामों से भेजी गई धमकियों को अधिकारी बेहद गंभीरता से ले रहे हैं। अलर्ट मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ते, अग्निशमन विभाग के अधिकारी, डॉग स्क्वॉड और दिल्ली पुलिस के जवान भी घटनास्थल पर पहुँच गए। छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर स्कूलों को खाली कराया गया।

बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों की मदद से गहन तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विनायक भोसले ने बताया कि श्री राम स्कूल और ग्लोबल स्कूल को धमकी भरे ईमेल मिले हैं। उन्होंने कहा, दोनों विद्यालयों की बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों ने गहन तलाशी ली लेकिन किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। भोसले ने बताया कि तलाशी अभियान के बाद दोनों विद्यालयों में सामान्य शैक्षणिक गतिविधियां फिर से शुरू हो गईं। उन्होंने बताया कि साइबर प्रकोष्ठ ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि ये ईमेल किसने भेजे। उन्होंने कहा, प्राथमिक



जांच से संकेत मिलता है कि ये ईमेल कोलकाता से भेजे गए हैं। उन्होंने बताया कि धमकी देने वाले लोगों का पता लगाने के लिए गहन जांच की जा रही है।

ईमेल भेजने वाले ने, जो खुद को 'जैक्ड आउट' बता रहा था, बड़े अक्षरों में लिखा थाः ऱ्तुम सब मरोगे। तुम्हारे बच्चों को मरना ही होगा। तुम सुखी जीवन जीने के लायक नहीं हो। स्कूल खून-खराबे में बदल जाएगा। यह संदेश भारत के हर स्कूल के लिए है, सिर्फ. प्राप्तकताओं के लिए नहीं। इस संदेश को बेहद गंभीरता से लो। तुम्हारे बच्चे या तो अपने अंग खो देंगे या अपनी जान, और हम खुशी-खुशी समाचार देखेंगे और परिवारों को कष्ट सहते देखेंगे। इस भयावह संदेश में आगे लिखा था, अब समय आ गया है कि भारत हमारी पीड़ा को महसूस करे। हमारी अपनी ज़िंदगी है, और हम बच्चों को मार डालेंगे क्योंकि वे सबसे ज्यादा सदमा पहुँचाते हैं। इसमें आगे लिखा था, 'रोडकिल' और 'साइलेंस' इस आतंकी हमले के लिए ज़िम्मेदार हैं। मीडिया/प्रेस को नाम बताएँ।

ये नाम - 'रोडकिल', 'साइलेंस' और 'बेंजी' - इस महीने की शुरूआत में दिल्ली के लगभग दस शैक्षणिक संस्थानों सहित, पूरे भारत के स्कूलों को भेजी गई हाल की झूठी धमकियों में अक्सर दिखाई दिए हैं।


ज्यादातर मामलों में, ईमेल की भाषा और लहजा एक जैसा ही रहा हैः भद्दी धमकियों और काल्पनिक खलनायक-शैली के संकेतों का मिश्रण, जो वीडियो गेम या अपराध-आधारित वेब सीरीज की याद दिलाते हैं।

# लालू यादव परिवार पर आईआरसीटीसी घोटाले का मामला, दिल्ली कोर्ट ने केस 4 अगस्त के लिए टाला

**नई दिल्ली, 23 जुलाई।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने बुधवार को आईआरसीटीसी होटल घोटाला मामले में आरोप तय करने का आदेश टाल दिया। इस मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनके परिवार के सदस्य और अन्य आरोपी हैं। यह मामला आईआरसीटीसी होटलों के टेंडर में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) से स्पष्टीकरण माँगा और मामले को 5 अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया। अदालत ने जाँच एजेंसी और आरोपियों के वकीलों की दैनिक आधार पर दलीलें सुनने के बाद 29 मई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) ने 1 मार्च को पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, पूर्व मंत्री प्रेमचंद गुप्ता और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोपों पर अपनी बहस पूरी कर ली। इस मामले में 14 आरोपी हैं। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) डीपी सिंह ने अधिवक्ता मनु मिश्रा के साथ सीबीआई की ओर से दलील दी कि आईआरसीटीसी के दो होटल रखरखाव ठेकों के आवंटन में आरोपियों की ओर से भ्रष्टाचार और साजिश रची गई थी। सीबीआई ने कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। यह मामला उस दौर से जुड़ा है जब लालू प्रसाद यादव 2004 से 2009 तक रेल



मंत्री थे। आरोप है कि आईआरसीटीसी के दो होटलों, बीएनआर रांची और बीएनआर पुरी, के रखरखाव का ठेका विजय और विनय कोचर के स्वामित्व वाली एक निजी फर्म सुजाता होटल को दिया गया था। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि इस सौदे के बदले में लालू प्रसाद यादव को एक बेनामी कंपनी के जरिए तीन एकड़ बेशकीमती जमीन मिली। 7 जुलाई, 2017 को सीबीआई ने लालू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एजेंसी ने लालू और उनके परिवार से जुड़े पटना, नई दिल्ली, रांची और गुड़गांव स्थित 12 ठिकानों पर छापेमारी भी की थी। दूसरी ओर, पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव की ओर से दलील दी गई कि आईआरसीटीसी भ्रष्टाचार मामले में उनके खिलाफ आरोप तय करने लायक कोई सबूत नहीं है और वे इस मामले में बरी होने के हकदार हैं। लालू प्रसाद यादव के वकील, वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने दलील दी कि लालू प्रसाद यादव की ओर से अनियमितताएँ हुई हैं। टेंडर निष्पक्ष तरीके से दिए गए थे। लालू प्रसाद यादव के खिलाफ आरोप तय करने लायक सबूत पर्याप्त नहीं हैं।








# हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहेः राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 23 जुलाई।** बिहार में चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विपक्ष के विरोध के बीच, कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि देश में चुनावी चोरी चल रही है। गांधी ने संवाददाताओं से कहा कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान मतदाता सूची से 52 लाख मतदाताओं के नाम



हटाए जाने के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में धोखाधड़ी हुई और जब स्पष्टीकरण मांगा गया, तो संवैधानिक संस्था ने नियमों में बदलाव करके उन्हें वीडियो दिखाने से इनकार कर दिया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि यह सिर्फ. 52 लाख वोटों या बिहार की बात नहीं है।

उन्होंने महाराष्ट्र में धोखाधड़ी की। हमने चुनाव आयोग से अनुरोध किया कि वह हमें मतदाता सूची दिखाए। उन्होंने हमें वह नहीं दिखाई। हमने कहा, 'हमें वीडियो दिखाओ।' उन्होंने नियम बदल दिए। उन्होंने चुनाव चुरा लिए। महाराष्ट्र में एक करोड़ नए मतदाता हो गए।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950



# मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों का फैसला और उठते सवाल



-ललित गर्ग

11 जुलाई 2006 को मुंबई की भीड़भरी लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों ने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया था। पीडित परिवारों के साथ-साथ जन-जन को आहत किया था। 7 जगहों पर हुए इन धमाकों में 187 निर्दोष लोगों की जान गई और 824 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह भारत के सबसे बड़े आतंकी हमलों में से एक था। लेकिन इन बम धमाके को लेकर सोमवार को बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया, कोर्ट ने विशेष मकोका अदालत की ओर से 12 अभियुक्तों को दी गई सजा को गैरकानूनी करार दिया। इन सभी आरोपियों का बरी हो जाना सवाल के साथ-साथ चिन्ता भी पैदा करता है। इसीलिये करीब 19 साल बाद आए अदालत के इस फैसले को लेकर न केवल कानूनी दायरे में, बल्कि सामाजिक व नैतिक दृष्टिकोण से भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्योंकि बॉम्बे हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद सवाल वहीं घूमकर आ जाता है कि इतने बड़े नुकसान का दोषी कौन है?

लम्बी न्यायिक प्रक्रिया एवं जांच के बाद 2015 में मुंबई की विशेष मकोका अदालत ने 12 अभियुक्तों को दोषी करार दिया, जिसमें से 5 को फांसी और 7 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। यह फैसला लगभग 8 वर्षों की सुनवाई, 250 से ज्यादा गवाहों और हजारों पन्नों की गवाही के बाद आया। लेकिन 2023 और फिर 2025 में कुछ सिविल सोसाइटी संगठनों, मानवाधिकार समूहों और कुछ कानूनी विशेषज्ञों ने फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कुछ दोषियों को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया, पुलिस की जांच पक्षपातपूर्ण रही और कई जगह कानून के दायरे का अतिक्रमण किया गया। इसी को आधार बनाकर हाईकोर्ट में जिस तरह से एक-एक करके सारे सबूतों की धज्जियां उड़ायी, उससे पूरे सिस्टम को लेकर संदेह उठता है। जब इतने अहम मामले में इतनी लचर एवं लापरवाहीपूर्ण जांच हुई, तो फिर दूसरे तमाम केस में क्या होता होगा? गवाहों के बयान दर्ज करने से लेकर सबूत जुटाने तक, हर जगह लापरवाही एवं कौताही बरती गई।

कानून की दृष्टि में अपराध केवल घटना नहीं, उस घटना के पीछे की मंशा, सबूतों की पुष्टि, प्रक्रिया की शुद्धता और निष्पक्षता का भी मूल्यांकन करता है। ह्वदोषी को सजा मिलनी चाहिएह्व-यह एक सार्वभौमिक सिद्धांत है, लेकिन ह्वनिर्दोष को दंड न मिलेह्व-यह उससे भी अधिक महत्वपूर्ण नैतिक सिद्धांत है। भारतीय दंड संहिता, मकोका और गैरकानूनी गतिविधियाँ



रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे सख्त कानून आतंकवाद से निपटने के लिए बनाए गए, लेकिन इनका उपयोग अक्सर राजनीतिक प्रभाव, मीडिया ट्रायल, या जनभावनाओं को शांत करने के लिए किया गया है। ट्रेनों में हुए सीरियल बम धमाकों के मामले में अनेक ज्वलंत सवाल खड़े हुए हैं कि क्या सभी दोषियों को वास्तव में पर्याप्त प्रमाणों के आधार पर दोषी ठहराया गया है? यदि नहीं, तो यह न्याय व्यवस्था के लिए एक गंभीर प्रश्न है। क्या पुलिस या जांच एजेंसियों ने निष्पक्ष जांच की? कई बार जांच एजेंसियों पर नतीजे पहले, जांच बाद में का आरोप लगा है। क्या विशेष अदालतों का गठन निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करता है या त्वरित दंड की नीति अपनाता है? क्या कानून केवल सख्ती का पर्याय बन गया है या उसमें मानवीय संवेदना का स्थान है? क्या मीडिया ट्रायल ने वास्तविक न्याय को प्रभावित किया? इन प्रश्नों के उत्तर मिलना ही चाहिए।

देश के सामने आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चुनौती है, तो वहीं न्याय की नैतिकता बनाए रखने की भी जिम्मेदारी है। अगर कानून का इस्तेमाल अन्याय के लिए किया गया, तो आतंकवाद के खिलाफ जंग की नैतिकता ही सवालों में पड़ जाएगी। न्याय केवल प्रतिशोध नहीं, बल्कि नैतिक और विधिसम्मत संतुलन का नाम है। जो निर्दोष है, उसे दोषमुक्त करना और जो दोषी है, उसे यथोचित दंड देना- यही कानून का आदर्श उद्देश्य है। मुंबई बम धमाके जैसी वीभत्स घटनाएं देश के लिए चुनौती हैं, लेकिन इन चुनौतियों से निपटने के नाम पर अगर हम न्याय और कानून के मूलभूत सिद्धांतों से समझौता करते हैं, तो हम एक असुरक्षित और अन्यायपूर्ण समाज की नींव रखेंगे। आवश्यक है कि न्याय केवल न्यायालयों की प्रक्रिया न रहे, वह जनविश्वास का प्रतीक बने।

एक बड़ा सवाल है कि न्याय व्यवस्था पर भरोसा कैसे बना रहे? इसके लिये जरूरी है कि जांच प्रक्रिया पारदर्शी हो, आरोपों की पुष्टि डिजिटल और वैज्ञानिक सबूतों से हो। अदालतें किसी दबाव, राजनीतिक प्रभाव या जनभावना से परे निर्णय लें। न्याय में देरी भी अन्याय है, लेकिन जल्दबाजी में न्याय भी गलत निर्णय की आशंका बढ़ाता है। सभी मामलों में उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय में स्वतंत्र और निष्पक्ष पुनरावलोकन की व्यवस्था रहे। निचली अदालते हो या सर्वोच्च अदालते- न्यायिक फैसलों का बदलना न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता एवं निष्पक्षता के लिये गंभीर चुनौती है। ऐसे अनेक मामले हैं जिनमें निचली अदालतों में दिये गये मौत की सजा को ऊपरी अदालतों ने बदल दिया। जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज होते हुए बार-बार देखे गये हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल में एक आरोपी की मौत की सजा को खारिज करते हुए कहा कि जब दांव पर इंसानी जिंदगी लगी हो और उसकी कीमत खून हो, तो मामले को पूरी ईमानदारी से देखा जाना चाहिए। दुर्भाग्य से मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सीरियल बम ब्लास्ट की जांच में इस भावना का सही से पालन नहीं किया गया। इस मामले में सभी आरोपियों का बरी हो जाना न केवल न्याय प्रक्रिया पर बल्कि जांच एजेंसियों पर सवाल पैदा करता है। प्रश्न है कि अगर 12 लोग निर्दोष थे तो इतने बरसों तक आतंकी होने का दाग लिए जिल्लत की जिंदगी क्यों जीते रहे? अगर ये दोषी थे तो जांच इतनी कमजोर क्यों हुई? यह केस निचली अदालतों के कामकाज के तरीकों पर भी बड़ा सवालिया निशान है। सबूतों को लेकर इतने संदेह थे, लेकिन निचली अदालत ने उन पर गौर नहीं किया। यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी न्याय प्रक्रिया की विसंगति ही है।

यह पहला मामला नहीं, जहां जांच में खामियों, गवाही में कमी और कमजोर सबूतों के चलते ऊपर की अदालतों में केस खारिज हो गया हो। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पिछले हफ्ते तीन लोगों की मौत की सजा रद्द करते हुए उन्हें हत्या के आरोपों से बरी कर दिया था। पिछले ही हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने भी 2011 में हुई दोहरी हत्या और रेप के आरोपी को छोड़ने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने जांच में गंभीर कमियां गिनाई थीं। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया था कि झूठे मुकदमों की वजह से जिन्हें लंबा समय जेल में बिताना पड़ा है, उन्हें मुआवजा देने के लिए कानून बनाने पर विचार करना चाहिए। अब मुंबई लोकल ट्रेन ब्लास्ट केस को लेकर महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। महाराष्ट्र सरकार लोकल ट्रेन बम धमाके में आरोपियों को निर्दोष छोड़ने के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए अपील दायर की है। देश उम्मीद करता है कि इस बार तथ्यों को सही ढंग से रखा जाएगा। यह केवल एक केस नहीं, न्याय व्यवस्था पर आम लोगों के यकीन का मामला है।

भारत में न्याय प्रणाली पर आम धारणा है कि पुलिस और अदालतें लोगों की जिंदगी को तबाह कर देती हैं, वर्षों लम्बी न्याय प्रक्रिया झेलने के बाद भी लोगों को समुचित न्याय नहीं मिल पाता है। न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है, न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी आदर्श न्याय व्यवस्था में आम व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है। न्याय सिर्फ होना ही नहीं चाहिये बल्कि होते हुए दिखना भी चाहिये।

# क्या अप्रेल 2026 - पड़ोसी बांग्लादेश में लोकतंत्र की नई सुबह तय है?



अशोक भाटिया

18 महीनों के अंतराल के बाद, देश अप्रेल 2026 में आम चुनाव की ओर बढ़ रहा है।जब से नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने पिछले अगस्त को अंतरिम सरकार का नेतृत्व संभाला है, उन्होंने प्रशासन चलाने में कई अड़चनों का सामना किया है।उनके सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक थी एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और विश्वसनीय चुनाव की रूपरेखा घोषित करना, जिससे लोग अपनी इच्छानुसार एक वैध राजनीतिक सरकार चुन सकें।

दूसरी चुनौती थी कानून और व्यवस्था की स्थिति को स्थिर करना।अधिकतर पुलिसकर्मी, हजारों छात्रों और प्रदर्शनकारियों की हत्या के प्रतिशोध के डर से, अपनी ड्यूटी छोड़ कर भाग चुके हैं।इस कारण से देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल अपर्याप्त हो गया है।हालांकि, हर शहर और कस्बे में सेना की तैनाती के द्वारा कानून-व्यवस्था कायम रखने की कोशिश की जा रही है।साथ ही, अवामी लीग के नेताओं के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए मुकदमा चलाने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिनमें पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना भी शामिल हैं। उन पर हजारों प्रदर्शनकारियों पर गोली चलवाने का आरोप है।

ज्ञात हो कि पिछले जुलाई-अगस्त में ‘मानसून क्रांति’ नामक रक्तरंजित विरोध प्रदर्शनों के दौरान हसीना को पद छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा और वे भारत में निर्वासन में चली गईं।यह उनका राजनीतिक जीवन में दूसरा निर्वासन है।इस बीच, एक राजनीतिक घटनाक्रम में, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने लंदन में निर्वासन में रह रहे प्रोफेसर यूनुस से मुलाकात की।

एक घंटे की इस बैठक में नई सरकार से जुड़ी कई महत्वपूर्ण राजनीतिक असहमति पर चर्चा हुई।यूनुस ने बार-बार कहा कि चुनाव अगले साल जून से पहले होना चाहिए, लेकिन बीएनपी, जो एक दक्षिणपंथी लोकतांत्रिक पार्टी है, चुनाव दिसंबर के अंत में कराने की मांग कर रही है।बीएनपी का कहना है कि अगर चुनाव दिसंबर तक नहीं हुए तो देश में राजनीतिक और आर्थिक संकट उत्पन्न हो सकता है, जिससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है। यूनुस का मत है कि चुनाव आवश्यक सुधारों पर राजनीतिक पार्टियों की सहमति के बाद ही होने चाहिए।हालांकि बीएनपी और उससे जुड़ी पार्टियों ने दिसंबर में चुनाव कराने की मांग के पीछे कोई ठोस कारण नहीं दिया है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि फरवरी में हाई स्कूल की परीक्षा, रमजान का महीना (मध्य फरवरी से), मार्च में ईद उल फित्र, और फिर मानसून के आगमन जैसे कारण सामान्य चुनाव के लिए अनुकूल नहीं हैं।

हसीना शेख की सरकार को उखाड़ फेंकने के बाद अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने वाले डॉ यूनुस ने छह महीने में चुनाव कराने का वादा किया था। अब, एक साल बाद, चुनाव नहीं हुए हैं। यूनुस 'पहले सुधार, पहले चुनाव' की कोशिश कर रहे थे; लेकिन विपक्षी दलों ने अब उन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है।ईद उल-अजहा के अवसर पर यूनुस ने घोषणा की थी कि चुनाव अप्रैल 2026 में होंगे।इस घोषणा पर जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख डॉ। शफीकुर रहमान ने प्रतिक्रिया दी कि यह निर्णय देश को लोकतंत्र की ओर ले जाने में आश्वासन देता है।वहीं नेशनल सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी) ने कहा कि जुलाई चार्टर (मानसून क्रांति) और प्रस्तावित सुधारों को लागू किया जाना चाहिए, और उन्हें चुनाव की घोषित समयसीमा से कोई आपत्ति नहीं है। गौरतलब है कि दूसरे पड़ोसी पाकिस्तान में जो भी सत्ता में है, सेना और आतंकवादियों के साथ-साथ खुफिया एजेंसियों पर विद्रोहियों का शासन है, इस बीच पड़ोसी म्यांमार में, जहां तालिबान चार साल से सत्ता में है, और नेपाल भी लगातार चीन की तरफ झुक रहा है, ऐसे में आगामी चुनावों के बाद बांग्लादेश का चरमपंथियों के हाथों में पड़ना खतरनाक है।

बांग्लादेश पर 16 साल तक शासन करने वाली अवामी लीग की नेता शेख हसीना के बांग्लादेश लौटने की संभावना नहीं है उन पर एक आदेश द्वारा 1,400 प्रदर्शनकारियों की हत्या का आरोप लगाया गया है और उन्हें दोषी ठहराए जाने और मौत की सजा सुनाए जाने की संभावना है बांग्लादेश की न्यायिक प्रणाली अब कट्टरपंथियों के हाथों में है वहां की सरकार उनके ही हाथों की कठपुतली बन गई है हसीना की पार्टी को चुनावी मैदान से बाहर कर दिया गया है कट्टरपंथियों की पार्टी पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और उसके सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंध हटा दिया है। दरअसल, उन्होंने इसकी तैयारी शुरू कर दी है, जिससे बांग्लादेश में माहौल गर्म हो गया है। सभी राजनीतिक दलों ने देश में आम चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है। हर कोई पूछ रहा है कि इस चुनाव में सत्ता किसकी जीतेगी, जिस पर 16 साल बाद शेख हसीना का दबदबा नहीं होगा। देश के अखबारों ने भी इसका सर्वे भी शुरू कर दिया है।ऐसे ही एक सर्वेक्षण ने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की चिंता भी बढ़ा दी है, जिन्होंने पाया कि खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) की पार्टी को सबसे अधिक वोट मिले, जबकि यूनुस के करीबी प्रदर्शनकारियों द्वारा स्थापित राष्ट्रवादी पार्टी तीसरे स्थान पर रही। अखबार सनेम द्वारा देश के युवा मतदाताओं के वोटों को मापने के लिए किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि बीएनपी को 39 फीसदी, जमात को 22 फीसदी और राष्ट्रवादी पार्टी को 16 फीसदी वोट मिले।

इसके अलावा, अन्य धार्मिक दलों को 4.59 प्रतिशत, जातीय दलों को 3.77 प्रतिशत और अन्य दलों को 0.57 प्रतिशत वोट मिलने की उम्मीद है। सर्वेक्षण में पाया गया कि अंतरिम सरकार देश में सामाजिक सद्भाव बनाए रखने में सक्षम थी।जबकि 35 फीसदी युवा देश में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। 94 प्रतिशत युवा आशावादी हैं कि आगामी चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होंगे।हालांकि, युवा लोग राजनीतिक परिवर्तन की संभावनाओं से निराश हैं, मोहम्मद यूनुस ने देश में सत्ता संभालने के बाद छह महीने में चुनाव कराने की घोषणा की है। लेकिन उन्होंने देश में चुनाव नहीं कराए हैं।

भले ही बढ़ते दबाव में, यूनुस ने चुनाव कराने का फैसला किया; लेकिन उनके करीबी सहयोगियों ने अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी बना ली है ।पिछले साल छात्र आंदोलन का चेहरा रहे यूनुस के करीबी सहयोगी नाहिद इस्लाम ने राष्ट्रवादी पार्टी का गठन किया और चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, जिसके बाद माना जा रहा था कि अगर एनसीपी जीत जाती है तो देश की सत्ता मौजूदा अंतरिम सरकार के पास ही रहेगी। लेकिन सर्वे से पता चला कि युवा राष्ट्रवादी पार्टी को पसंद नहीं करते हैं।

दरअसल देश में कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी के पंजीकरण की बहाली और चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त करना भारत के लिए चिंता का विषय है। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के विद्रोह के बाद की घटनाएं भारत के लिए सकारात्मक नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश कार्यवाहक सरकार से सहमत होने के लिए तैयार हैं। तथ्य यह है कि जमात-ए-इस्लामी ने छात्र आंदोलन का पूरा समर्थन किया। यह वही संगठन है। उन पर बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तान की सहायता करने और मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार करने का आरोप लगाया गया था। इसके छह प्रमुख नेताओं को इन आरोपों में फांसी दी गई थी। जमात-ए-इस्लामी कितनी कट्टरपंथी और जिहादी सोच वाली है, इसका एक प्रमाण यह है कि कभी उसके साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने वाली विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी कुछ समय पहले उनसे अलग हो गई थी। बांग्लादेश में एक के बाद एक कट्टरपंथी और जिहादी विचारधारा वाले संगठनों पर से प्रतिबंध हटाया जा रहा है और आतंकी गतिविधियों के लिए जेल में बंद लोगों को भी रिहा किया जा रहा है।यह स्पष्ट है कि सेना प्रमुख को कट्टरपंथी तत्वों के सिर उठाने से कोई समस्या नहीं है और भारत को बांग्लादेश के घटनाक्रम के बारे में चिंतित होना चाहिए, जहां पाकिस्तान और चीन के साथ अमेरिका का प्रभाव भी बढ़ सकता है। जमात-ए-इस्लामी और उसकी छात्र इकाई यहां चुनाव लड़ने की कगार पर है।

माना जा रहा है कि शेख हसीना ने कट्टरपंथी जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध लगा दिया था; लेकिन यूनुस ने पिछले साल सत्ता संभालते ही प्रतिबंध हटा लिया। जमात ने शेख हसीना के खिलाफ तथाकथित छात्र आंदोलन में एक प्रमुख भूमिका निभाई, जिस पर आंदोलन में हिंदुओं को निशाना बनाने का भी आरोप लगाया गया था। जमात इन आरोपों को संबोधित करने के लिए अपना नाम बदल रही है। जमात-ए-इस्लामी बांग्लादेश को भारत के विरोधी के रूप में जाना जाता है। 1971 के युद्ध में पाकिस्तानी सेना द्वारा बंगालियों पर किए गए अत्याचारों के बावजूद इसने पाकिस्तान का समर्थन किया। उन्होंने नरसंहार और बलात्कार को अंजाम देने में पाकिस्तानी सेना की मदद की।सत्ता में आने के तुरंत बाद, शेख हसीना ने जमात पर आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए एक जांच शुरू की। हसीना के आरोप सही साबित हुए और जमात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था । अब, बांग्लादेश में हसीना के शासन की अनुपस्थिति में, जमात राजनीति में प्रभुत्व स्थापित करने की कोशिश कर रही है। उन्हें पाकिस्तान से समर्थन मिल रहा है। यूनुस सत्ता में आने के बाद से पाकिस्तान के साथ सौहार्दपूर्ण और मजबूत संबंधों को बढ़ावा दे रहे हैं। वे बचाने के लिए 'जमात' द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चल रहे हैं ताकि उन्हें 'जमात' का समर्थन मिलता रहे।

# मंगल का प्रतीक स्वस्तिक



-आत्माराम यादव पीव वरिष्ठ पत्रकार

जीवन में प्रत्येक मनुष्य चिरन्तन,सत्य, शास्वत शांति और अनन्त दिव्य सौन्दर्य को सहज ही प्राप्त करने के आशय से जन्म लेता है किन्तु वह दिव्यता और शुभसंस्कारों से प्रथक आसुरी शक्तियों की शरण में रहकर अपने प्रारब्धमयी भाग्य से वंचित रह जाता है। यह संसार सदाचार सम्पन्न है जिसमें मनोभावों को व्यक्त करने या परिभाषित करने में व्यक्ति की चेष्टायें प्रतिपल अपने धर्म और स्वभाव का परित्याग कर उसे अधोगामी बनाती है, जबकि उसका जन्म उर्द्धगामी मार्ग का अनुसरण कर परमस्वरूप को प्राप्ति के लिये हुआ है। जीवन की इस प्रासंगिकता को वेदों के ऋषियों ने अपनी दिव्यदृष्टि से आभासित कर लिया था तभी सत्य और शांति का संदेश देने के लिये किसी भावना से परे शब्दों में व्यक्त किये बिना मौन अभिव्यक्तिस्वरूप मांत्रिक प्रतीक जिस चिन्ह को अंकित कर पूजा में सर्वोच्च स्थान दिया गया वह स्वस्तिक था जो तभी से भारतीय सस्कृति में मंगल का प्रतीक के रूप में धर्म देवार्चन में अग्रणी स्थान प्राप्त किये हुये है। विश्व में भारत अनूँठा देश है जहाॅ सदाचार सम्पन्न अग्रणी गौरवमयी अक्षुण्णता का प्रतिनिधित्व करने के लिये हम प्रतीक चिन्हों को पूर्णता प्रदान करके एक नया इतिहास रचते आये है, जिसमें स्वस्तिक चिन्ह हर शुभकार्य के लिये प्रथमस्थान पर पूज्य है तभी भारत ही नहीं अपितु दुनिया के अनेक देशों में स्वस्तिक को मांगलिक प्रतीक के रूप में स्वीकारा है। स्वस्तिक का जन्म भारत में हुआ। भारत देश ही है जो वसुदेव कुटुम्बकम की भावना लिये सम्पूर्ण विश्व के कल्याण की कामना करता है। स्वस्तिक का अर्थ ही होता है आशीर्वाद, मंगल या पुण्यकार्य की प्राप्ति कराने वाला। इतिहास के गर्भ में, विश्वका आदिसाहित्य ऋग्वेद की ऋचाओं में स्वस्तिक का प्रयोग सूर्य के रूप में मिलता है। स्वस्तिक शब्द सु अस. क से निर्मित है। सु का अर्थ-अच्छा, अस का अर्थ सत्ता या अस्तित्व और क का अर्थ कर्ता, करने वाला होता है। अतएव सिद्ध है स्वस्तिक का अर्थ-अच्छा करने वाला,मंगल करने वाला है। स्वस्ति मात्र उत पिन्ने नो अस्तु, स्वस्ति गोम्यों जते पुरूषेभ्यः। विश्वं सुभूतं सुविन्नं, नो अस्तु जेगेव द्वशेम सूर्यम।। अथर्ववेद 1.-31-4 की इस ऋचा का अर्थ है कि हमारी माता के लिये कल्याण हो। पिता के लिये कल्याण हो। हमारे गोधन के लिये मंगल हो। विश्व के समस्त प्राणियों का मंगल हो। हमारा यह सर्म्पूण संसार उत्तम धन और उत्तम ज्ञान से सम्पन्न हो। हमलोग चिरकाल तक प्रतिदिन सूर्य के दर्शन करते रहे,हम दीर्घजीवी हों। वेद का ऋषि सत्य,शिव और सुन्दर के रंगमंच पर विराजित होकर सभ्यता के आदिकाल में स्वस्तिक को लेकर यह कहे तो निश्चित ही यह मांत्रिकसूत्र शोध-परिमार्जन के लिये एक चुनौती है।

वेदों में प्रकाश,कल्याण,दीघार्यु की कामना के साथ स्वस्तिक विश्वजनीन प्रतीक होने से विलक्षण है। विलक्षणता इस बात से आभासित होती है कि स्वस्तिक को आयु, प्रकाश, सूर्य और आकाश का मूर्त वाड्मय भी कहा जाकर इसकी चार भुजाओं को चार दिशाओं की उपमा दी गयी है। स्वस्तिक के मध्य को विष्णु की नाभि और चारों भुजाओं को ब्रम्हाजी के चार मुख माना है। स्वस्तिक की चार भुजाओं को सतयुग,त्रेता,द्वापर और कलयुग इन चार युगों की संज्ञा मिली है वही कोई चार आश्रम, चार वर्ण, चार धाम के संकेतों का प्रतीक भी मानते है। स्वस्तिक की रूपरेखा और आकार प्रकार को लेकर योगी इस स्वस्तिक चिन्ह को हठयोग का आसन कहते है तो वहीं यह एक यांत्रिक स्वरूप में होने पर चतुष्पद अथवा चैराहा के लिये प्रयोग में लाया गया है। अनादि काल से स्वस्तिक भारतीय संस्कृति में मंगलप्रतीक का स्थान धारण किये जाने के कारण सम्पूर्ण सृष्टि में व्याप्त है तभी इस मांगलिक चिन्ह स्वस्तिक को गणेशपूजन से पूर्व ही विशेष अवसरों-उत्सवों आदि में अंकित किया जाकर पूजा जाता है। श्रीराम और श्रीकृष्ण के अवतार के समय यह प्रतीक चिन्ह स्वस्तिक उनके चरणों में भी अंकित होने के शुभाशुभ संकेत मिलते है।

स्वस्तिक की मांगलिक दिव्यता के दर्शन दो लकड़ियों में यज्ञ के प्रारम्भ में अग्नि पैदा करने के लिये किया जाता है जो स्वमेव ही स्वस्तिक को प्रकाश के प्रतीक का प्रमाण बन जाता है। श्रीरामचरित्र मानस में श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता को प्रगाढ़ता का लेपन करने के लिये हनुमान द्वारा इसी प्रकार दो लकड़ियों को धनाकार स्वरूप देते हुये घर्षण से अग्नि प्रज्जल्वित करने का उदाहरण भी स्वस्तिक को मैत्री अवसर पर दिखता है। विघ्नहर्ता गणेश की पूजा-अर्चना पर वैभवदात्री देवी लक्ष्मी के साथ शुभ-लाभ स्वस्तिक पूजा में होते है वहीं किसी भी ज्योतिषाचार्य द्वारा किसी भी जातक की जन्मकुण्डली बनाते समय, विवाह हेतु कुण्डली मिलान में ग्रहदिशा मिलाने, शादी पत्रिका तैयार करने, विवाह आमंत्रण सहित सभी मांगलिक अवसरों पर सर्वप्रथम स्वस्तिक अंकन की शुभता विभूषित होती है। हिन्दू संस्कृति में सृष्टि के आदिकाल से स्वस्तिक कल्याण का वाचक रहा है। विश्व की समस्त सभ्यजातियों में हिन्दू जाति अपनी उपासना-पूजा-पाठ आदि में प्रतीकों को विशेष महत्व देती है जिसे समझने के लिये सीमित बुद्धिक्षेत्रों के लोगों के मस्तिष्क और जिव्हा के पंख झड़ जाते हैं, उस बोध के लिये स्वस्तिक प्रतीक का हाथ पकड़कर हिन्दू सरलता एवं सहजता से उसे हृदयंगम कर लेते है। स्वस्तिक, अग्नि और सूर्य भगवान के प्रतीक है तो जैन धर्म में एक दूसरे को परस्पर काॅटने वाली स्वस्तिक रेखायें पुरूष और प्रकृति , आत्मा और परमात्मा का प्रतीक है अतएव यह सिद्ध है कि दोनों रेखाओं के एक दूसरे को परस्पर काटने पर चार भाग होने पर निर्मित होने वाला स्वस्तिक ही सर्वश्रेष्ठ स्थान रखता है। जितना महत्वपूर्ण स्वस्तिक चिन्ह है उतना ही महत्व का स्वस्तिक मंत्र है जिसे हर मांगलिक अवसर पर स्वास्तिवाचन द्वारा उच्चारित किया जाता है- ओम स्वस्ति न इन्द्रों वृद्धश्रवाः। स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः। स्वस्ति नस्ताक्ष्र्यो अरिष्टनेमिः। स्वस्ति नो बृहस्पतिदधार्तु। ओम शान्तिः शान्तिः शान्तिः। इस स्वस्तिक मंत्र का प्रयोग हर शुभ कार्य में, वैवाहिक मण्डप में, शगुन में, तिलक के अलावा हर षोड़स संस्कारों सहित हर मांगलिक कार्य के प्रारम्भ में स्वास्तिवाचन द्वारा सपन्न होता है।

अनेक धर्मो में स्वस्तिक को मान्यता दी है। ईसाई धर्म में क्रास का चिन्ह स्वस्तिक का ही रूपान्तरण है। बोद्धों और जैनियों ने भी स्वस्तिक चिन्ह को महत्व देते हुये इसका प्रयोग किया है। अशोक के शिलालेखों में स्वस्तिक का प्रयोग मिलता है और जैन धर्म में भी इतिहासवेत्ताओं ने इसके प्रयोग को सराहा है। प्रायः दुनिया के सभी देशों में, अपनी-अपनी मान्यता एवं नियम के तहत स्वस्तिक को पूजनीय मानकर विश्वकल्याण की उपमा से विभूषित किया है। जैन धर्म में अक्षत पूजा के समय स्वस्तिक बनाकर तीन बिन्दु बनाते है जो देव, नरक, तिर्यक एवं मनुष्य का प्रतीक मानी जाती है और बिन्दुओं को सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चरित्र का एवं मध्य स्थान को मुक्ति का स्थान सिद्धशिला कहते है। ऐसे अनेक उदाहरण है जो स्वस्तिक के आदर्शो का गान करते मिलेगे तभी सत्य की प्राप्ति और शांन्ति की अनुभूति के लिये स्वस्तिक विश्वकल्याण का प्रणेता बनने को तत्पर है। स्वस्तिक विश्वकल्याण का दूत है। स्वस्तिक हिन्दूओं का माॅगलिक प्रतीक है तभी शास्वत शांति, चिरन्तन सत्य, और जनकल्याण के लिये स्वस्तिक के उपासक भारत के चरणों में नतमस्तक होकर हिन्दू संस्कृति के गीत गाये और देवीय शक्ति से सम्पन्न स्वस्तिक विश्व का शांतिदूत बना हे।

# भारतीय सेना के शौर्य तथा पराक्रम का जीवंत प्रतीक



संजीव ठाकुर

## भारतीय सेना के शौर्य तथा पराक्रम का जीवंत प्रतीक

1999 में कारगिल में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के प्रतीक के रूप में देश में प्रतिवर्ष 26 जुलाई को ऑपरेशन विजय के रूप में मनाया जाता है। इस दिन कारगिल युद्ध में पाकिस्तान की सेना को 28000 फुट ऊंचाई में भारतीय फौज ने अपने साहस और वीरता से परास्त कर फौज को वापस जाने पर मजबूर कर दिया था। इस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जांबाज सैनिकों को श्रद्धांजलि तथा नमन करते हुए याद करने की दिवस को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1998 में भारत तथा पाकिस्तान दोनों देशों द्वारा परमाणु परीक्षण किए जाने से तेजी से युद्ध का माहौल बन गया था और स्थिति को शांत तथा युद्ध से दूर रखने के प्रयास में दोनों देशों ने फरवरी 1999 में लाहौर घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर भी किए थे।

कारगिल युद्ध की शुरूआत पाकिस्तान द्वारा कारगिल क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण रणनीतिक पहाड़ियों पर कब्जा जमाने के कारण हुई। भारतीय सेना ने 3 मई

1999 को कारगिल क्षेत्र की इन महत्वपूर्ण पहाड़ियों में पाकिस्तान सेना से मुक्त करने के लिए युद्ध की घोषणा की। युद्ध लगभग 60 दिनों तक जारी रहा और 26 जुलाई को भारतीय सेना ने कारगिल की पहाड़ियों में घुसपैठियों को मार कर उसे क्षेत्र को मुक्त कर भगा दिया। इस कारगिल युद्ध में बड़ी संख्या में पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हुई एवं बड़ी संख्या में सैनिक हताहत भी हुए भारतीय सेना के भी जवान ईस युद्ध में शहीद हुए जिनकी शहादत को नमन तथा श्रद्धांजलि अर्पित करने हर 26 जुलाई को ऑपरेशन विजय बड़ी ही श्रद्धा एवं भावभीने तरीके से मनाया जाता है। इस युद्ध की शुरूआत में पाकिस्तान ने अपने अर्धसैनिक बल रेजीमेंट तथा नियमित पाकिस्तान फौज गुप्त रूप से कारगिल के क्षेत्र में भेजी थी और खुले तौर पर भारतीय नियंत्रित क्षेत्र में 132 सुविधाजनक अड्डों पर अपना नियंत्रण कर लिया था। पाकिस्तानी सेना में कश्मीरी गोरिल्ला और अफगान के भाड़े के सैनिक भी शामिल थे। मई 99 की शुरूआत में कई क्षेत्र में इन घुसपैठियों का पता नहीं चल पाया था भारतीय सेना ने घुसपैठ के खिलाफ सुना नहीं भेजी थी।इसके फल स्वरुप पाकिस्तान द्वारा गोलाबारी से कश्मीरी गुरिल्लाओं तथा तालिबानी आतंकवादियों को घुसपैठ करने के लिए कवरेज प्रदान किया गया था। 15 मई 1999 तक पाकिस्तान द्वारा 250 से 300 किलोमीटर तक कब्जा कर लिया गया था इसके बाद फिर भारतीय फौजी की कई रेजीमेंट तथा डिवीजन को पाकिस्तानी आतंकवादी विरोधी तथा पाकिस्तान के विरुद्ध तैनात होने के आदेश दिया गया। पाकिस्तान ने टोप खाने सहित भारी संख्या में लैंड माइंस तथा विमान टोही रडार भी कारगिल की चोटियों में स्थापित कर लिए थे। उल्लेखनीय की इस युद्ध में अमेरिका भी नेपथ्य में रहकर पाकिस्तान की मदद कर रहा था।

## (26 जुलाई ऑपरेशन विजय)

फिर भारत सरकार ने ऑपरेशन विजय संचालित करते हुए अपनी सेना को तैनात किया और लगभग भारतीय सैनिक की लामबंदी की गई। भारत ने अपनी फौज के दो डिविजन जिनकी संख्या 20000 सैनिक की थी और भारत के अर्धसैनिक बलों तथा वायु सेना के कई हजार सैनिकों को संघर्ष क्षेत्र में तैनात किया था इस तरह कारगिल में कुल भारतीय सैनिकों की संख्या लगभग 30000 हो चुकी थी। भारत सरकार ने वायु सेना को भी इस 18000 ऊंचाई पर सीमित आक्रमण करने के निर्देश दिए गए थे और यह भी निर्देश दिए गए थे की किन्हीं भी परिस्थितियों में भारतीय सीमाओं को भारतीय वायु सेना पार नहीं करेगी। दूसरी तरफ भारतीय जल सेना को आदेश दिया गया था कि वह ऑपरेशन सफेद सागर शुरू करें। इस युद्ध में भारतीय सेना ने ऑपरेशन तलवार के तहत आपूर्ति मार्गों को काटने के लिए पाकिस्तान के बंदरगाहों को अवरुद्ध करने की भी तैयारी कर ली थी भारतीय नौसेना ने पश्चिम और पूर्वी बेड़े को अरब सागर में तैनात कर दिया था एवं आक्रामक ग्रस्त शुरू कर दी थी। इस तरह जल थल एवं वायु सेना के जबर्दस्त प्रहार से पाकिस्तान सेना के छक्के छूट गए थे। पाकिस्तानी सैनिक वहां से अपने गोला बारूद छोड़कर भाग गए। कारगिल में ऑपरेशन विजय अत्यंत सफल रहा 26 जुलाई 99 को भारत ने इन चोटियों पर अपना कब्जा कर विजय की घोषणा की और तब से कारगिल विजय के रूप में ऑपरेशन विजय को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस में इस युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए भारतीय फौज के बहादुर सैनिकों की याद में दिल्ली तथा देश के कोने कोने में श्रद्धांजलि तथा नमन कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। गौर तलब है कि पाकिस्तान जैसा नापाक देश भारत से स्वतंत्रता के बाद से 1965 1971 1999 और 2025 में ऑपरेशन सिंदूर के तहत बुरी तरह मत खा चुका है पर वह अपनी आदतों से बाज नहीं आता है भारत देश ने कह दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी केवल स्थगित किया गया है यदि पाकिस्तान कोई आतंकवादी घटना करता है तो कुछ घटना को एक्ट आफ वार घोषित कर पाकिस्तान पर अंतिम निर्णय होने तक फौजी कार्रवाई की जाएगी। ऑपरेशन विजय के तहत कारगिल में हुए भारतीय फौज के शहीदों को भारत देश की जनता की तरफ से नमन श्रद्धांजलि जय हिंद जय भारत।

# सामूहिक शिवार्चन और पुष्पान्जलि विधान का मनोहारी दिग्दर्शन

बांसवाड़ा। गायत्री मण्डल की ओर से श्री पीताम्बरा आश्रम में भौम प्रदोष महोत्सव पर रूद्रार्चन अनुष्ठानों की श्रृंखला आरती एवं पुष्पान्जलि विधान के साथ मंगलवार रात सम्पन्न हुई। इसके उपरान्त आध्यात्मिक समागम हुआ जिसमें सनातन परम्पराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हो रहे प्रयासों में और अधिक समर्पित भागीदारी का संकल्प लिया गया। इस दौरान मुख्य साधक के रूप में गायत्री मण्डल के संरक्षक एवं बड़ा रामद्वारा के प्रमुख संत रामप्रकाश रामस्नेही महाराज, संत ज्ञानेश्वर महाराज एवं भारत माता मन्दिर के परियोजना प्रमुख धर्मराज जी ने पुष्पान्जलि विधान किया। महोत्सव के अन्तर्गत प्रमुख कर्मकाण्डी पं. राकेश शुक्ला के आचार्यत्व में नर्मदेश्वर महादेव की षोड़शोपचार से पूजा-अर्चना के उपरान्त यजुर्वेदीय पुरातन पद्धति के अनुरूप रूद्राभिषेक, प्रदोष स्तोत्र सहित अनेक शैव अनुष्ठान किए गए।

# दोस्त के साथ नदी में नहाने गए युवक की डूबने से हुई मौत

**गुड़िया राज**

केराकत,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। केराकत तहसील के सरोज बड़ेवर (भीतरी) गांव से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां नदी में डूब रहे अपने दोस्त को बचाने की कोशिश में एक युवक के नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।विदित हो कि उमरवार (कदमापार) गांव निवासी राज गौतम पुत्र संजय गौतम 19 वर्ष अपने ननिहाल सरोज बड़ेवर (भीतरी) गांव आया हुआ था मंगलवार की दोपहर दोस्तो के साथ



नदी में नहाने गया। नहाते समय वे दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे दोस्त को डूबता देख राज उसे बचाने गया, लेकिन दुर्भाग्यवश वे दोनों तो बच गए मगर राज की नदी में डूबने से मौत हो गई। डूबते राज को देख चीखते चिल्लाते दोस्त घर पहुंच घटना की जानकारी दी।घटना की जानकारी होते ही परिवार समेत ग्रामीण मौके पर पहुंच पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक 12 वी का छात्रा था और तीन भाई व एक बहन में सबसे बड़ा था।मृतक के पिता संजय गौतम केराकत टाउन एरिया में सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत है। मौत की खबर सुन परिवार में कोहराम मचा हुआ है परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# केन्द्रीय विद्यालय पयागपुर के शैक्षणिक सत्र 2025–26 का राज्य मंत्री ने किया शुभारम्भ

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उ0 प्र0 गिरीश चन्द्र यादव के द्वारा केन्द्रीय विद्यालय, पयागपुर, जी.जी.आई.सी परिसर शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य केन्द्रीय विद्यालय ने राज्य मंत्री और जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। स्वागत भाषण प्राचार्य डा.सी.बी वर्मा के द्वारा किया गया। बच्चो के द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया गया।

राज्य मंत्री ने कहा कि जनपद के लिए यह बडे.ही सौभाग्य की बात है कि आज केन्द्रीय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ हुआ है। जिसके लिए उन्होने छात्रों और अभिभावकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि निश्चित रूप से जनपद शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी पंक्ति में रहा है। जनपद में

## माँ सरस्वती के चित्र पर किया गया माल्यार्पण और द्वीप प्रज्ज्वलन




शिक्षा प्राप्त किये अनेको प्रतिभावान बच्चे वैज्ञानिक, कृषि वैज्ञानिक, प्रशासनिक पदों, राजनैतिक क्षेत्र, चिकित्सा क्षेत्र आदि में प्रतिष्ठित पदो को सुशोभित कर रहे है तथा जनपद का नाम रोशन कर रहे है। उन्होने कहा कि उनके अनवरत प्रयास से विद्यालय के सत्र शुरू हो जाने से छात्रों को पठन पाठन में सुविधा होगी और उन्हे बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी।राज्य मंत्री ने इतनी बडी सौगात देने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री,और शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया।राज्य मंत्री के द्वारा नवीन छात्रों को शिक्षण किट का वितरण किया गया और कक्षों में व्यवस्थाओं को देखा गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि उन्हे प्रसन्नता है जनपद में केन्द्रीय विद्यालय का सत्र प्रारम्भ हुआ। राज्यमंत्री के अथक प्रयास से यह सम्भव हुआ। आत्मविश्वास के साथ कोई कार्य किया जाए तो, निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होती है। मुख्यमंत्री के प्रेरणा और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जनपद के विकास को एक नई उचाई पर ले जाया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्य ए0 के0 सिंह के द्वारा किया गया।इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सावनी भोज पारिवारिक प्रगाढ़ता को सशक्त करने का बेहतर माध्यम: संजीव साहू

**सुनील गुप्ता**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लायंस इन्टरनेशनल की जनपद शाखा लायंस क्लब जौनपुर रॉयल द्वारा एक पारिवारिक सावनी भोज एवं वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन नगर से सटे एस.एन.कालेज आफ फार्मेसी बाबूपुर लखौवां बाजार में किया गया।

इस कार्यक्रम में जहां पारिवारिक माहौल में सावनी भोज का सभी सदस्यों ने सपरिवार आनन्द लिया वहीं प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए वृहद पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष संजीव साहू ने कहा सदस्यों के मानसिक व शारीरिक मनोरंजन के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन से पारिवारिक सम्बन्ध प्रगाढ़ होते हैं। संस्थापक अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा स्वस्थ जीवन शैली के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निवर्तमान अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने कहा क्लब द्वारा आयोजित सावनी पिकनिक जहां सदस्यों में आपसी घनिष्ठता

## लायंस क्लब रॉयल का सावनी भोज एवं पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न



मजबूत करता है वहीं बेहतर कल के निर्माण हेतु पौधारोपण आज की जरूरत है हमें पौधारोपण वहीं करना चाहिए जहां वह संरक्षित रहते हुए पर्यावरण में सहायक हो।

इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सपरिवार सावनी गीत संगीत, झूला व अनेक प्रकार के गेम्स का आनन्द लिया महिला, पुरुष व बच्चों ने ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता किया फर्स्ट लेडी विभा गुप्ता, पूर्व जोन चेयरपर्सन विष्णु सहाय ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष ने किया, सभी का स्वागत क्लब अध्यक्ष संजीव साहू ने किया। सचिव बालकृष्ण साहू, कोषाध्यक्ष राजकुमार कश्यप, प्रदीप प्रधान, विष्णु गौड़, वैभव प्रधान, आनन्द साहू, रीता कश्यप, राजेश किशोर इत्यादि सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप देने में तत्पर रहे। अन्त में सभी सदस्यों ने प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए 101 नीम, पीपल, आम, आंवला, जामुन इत्यादि के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम संयोजक सन्तोष अग्रहरि ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में आशीष चौरसिया, पियुष गुप्ता, विनोद अग्रहरि, अभिषेक जायसवाल, नवीन गुप्ता, अजय मोदनवाल, गोपाल जी साहू, जितेंद्र सोनी, विनीत गुप्ता, ज्ञानेंद्र साहू, योगेश साहू, अजय सोनकर, राकेश साहू, प्रीति गुप्ता, रेनू बैंकर, नीतू अग्रहरि, आशीष गुप्ता, रूपेश प्रगति कसौधन, रसाल बरनवाल, संजय वर्मा, ऋषि श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, सिद्धार्थ साहू, अभिषेक बैंकर, शशि गुप्ता, नित्यानंद गुप्ता, यश बैंकर ,राजेन्द्र स्वर्णकार, संदीप सेठी, रवि गुप्ता, राज केशरी, बृजेश विश्वकर्मा इत्यादि सपरिवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शाहबड़ेपुर फीडर के एसएसओ पर जानलेवा हमला, आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**रियाजुल हक**

सिरकोनी,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जलालपुर क्षेत्र के शाहबड़ेपुर विद्युत उपकेंद्र पर मंगलवार की रात को ड्यूटी पर तैनात एसएसओ इरफान उर्फ शेरू पर दो दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया।उन्हें उपचार के लिए सीएचसी नेहरूनगर ले जाया गया।

इरफान उल्ला खान ने बताया कि कादीपुर गांव का ट्रांसफार्मर पिछले दिनों जल गया था।वह कल आकर लगा। बताया जाता है कि वह मंगलवार को पुनः जल गया। ट्रांसफॉर्मर जलने के मुद्दे को लेकर ऊक्त गांव के दो दर्जन से अधिक लोगों ने फीडर के अंदर आकर एसएसओ पर हमला कर दिया।



हमले में उनका सिर फुट गया तथा शरीर मे काफी चोट आई। संयोगवश हमले के दौरान एक महिला आ गयी। जिसके चलते वे बच गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें नेहरूनगर स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। वहाँ से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कई लाइनमैन मौके पर पहुंचे और बिजली आपूर्ति बंद कर ढ़ी गयी। जेई नितिन निगम और एसडीओ धीरेंद्र कुमार भी घटनास्थल पर पहुंच गए। उनकी सूचना पर पुलिस भी मौके ओर पहुंच गई।

एसडीओ धीरेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर जलने की घटना से एसएसओ का कोई लेना देना नही होता।मामले में तीन ज्ञात सहित ढाई दर्जन अज्ञात लोगों के विरुध्द तहरीर दी गई।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का हुआ उपचार

**निशानाथ**

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)।नगर के श्रीवास्तव फार्मास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड, सोंधी के तत्वावधान में बुधवार को एक




निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 278 मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उनका निःशुल्क उपचार किया गया तथा दवाइयाँ भी वितरित की गईं। शिविर में आथोर्पेडिक स्पाइन सर्जन डॉ. शुभम सिंह, व जनरल फिजिशियन डॉ. अनूप सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. अरीबा खान ने शिविर के आएं हुए मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सीय परामर्श दिया।तथा आवश्यकता दवाईयां वितरित किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से लेकर देर तीन बजे तक चलता रहा। जिसमें कुल करीब 278 मरीजों का उपचार हुआ।इस दौरान डॉ. शुभम सिंह ने बताया कि युवाओं में कमर दर्द,गर्दन दर्द,महामारी की तरह विकसित हो रहा है, शारीरिक श्रम न करना, लगातार गर्दन झुकाकर फोन इस्तेमाल करना, वजन को बढ़ने देना व्यायाम न करना जंक फूड खाना मुख्य कारण बन रहा है। लगातार 40 मिनट के बाद उठ जाना। 15 मिनट से अधिकतर फोन इस्तेमाल न करना। ये इस्पाइन रोग से से बचाव के उपाय हैं।

अपनी दिनचर्या में बदलाव की जरूरत है। इस अवसर पर आयोजक रिशु श्रीवास्तव ने आगंतुकों व चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज सेवा की दिशा में यह एक प्रयास है, जो आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। स्वास्थ्य शिविर में अंशु श्रीवास्तव, सुजीत प्रजापति, प्रिंशु श्रीवास्तव, अंकित साहू, विशाल साहू, प्रियंका यादव एवं चांदनी सहित अन्य लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

# पीयू एप्लाइड साइकोलॉजी के दो छात्र यूजीसी-नेट परीक्षा में उत्तीर्ण

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एप्लाइड साइकोलॉजी विभाग के दो विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय एवं विभाग का नाम गौरवान्वित किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट जून 2025 परीक्षा का परिणाम 21 जुलाई को जारी हुआ। जिसमें विभाग की छात्रा उजमा खान



पुत्री मोहम्मद मारूफ खान तथा छात्र रजनीश कुमार मौर्य पुत्र विश्वनाथ मौर्य ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस उपलब्धि पर विभाग में हर्ष और गर्व का वातावरण है। फैकल्टी ऑफ एप्लाइड सोशल साइंस एंड ह्यूमैनिटीज के डीन प्रो. मनोज मिश्रा, एप्लाइड साइकोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्राध्यापक डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कुमार पांडेय एवं डॉ. अन्नू त्यागी ने दोनों विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कुख्यात असलहा तस्कर गिरफ्तार

## एसटीएफ व कैंट पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध हथियारों का जखीरा बरामद

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में सावन मेला व मिशन चक्रव्यूह अभियान के तहत अवैध शस्त्र तस्करों के विरुद्ध चल रही सघन कार्रवाई के क्रम में 22 जुलाई की रात लगभग 11 बजे प्लेटफार्म नंबर 9 से एक कुख्यात असलहा तस्कर मिठाईलाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी रूपमपुर, आशापुर (थाना सारनाथ) का निवासी है तथा उसका स्थाई पता अदलहाट, मिजार्पुर है। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार, कारतूस, शस्त्र निर्माण उपकरण और नगदी बरामद हुई। कब्जे से 3 अदद 9एमएम पिस्टल, 01 अर्धनिर्मित 32 बोर रिवॉल्वर विभिन्न बोर के 9 जिंदा और 10 मिस कारतूस, 10 खोखे 5 मैगजीन, अवैध शस्त्र निर्माण उपकरण, ट्रेन टिकट व 452 रुपये नगद बरामद हुए। अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत



वाराणसी के विभिन्न थानों में 6 मुकदमे दर्ज हैं।

# करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा

सोनभद्र(उत्तरशक्ति)। बीजपुर स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा महुली के जलजलिया टोले में एक युवक घरेलू लाईट बनाते समय मंगलवार दोपहर में बिजली की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। आनन फानन में परिजनों द्वारा उसे एनटीपीसी के धन्वंतरि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज जारी है।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सभा महुली के जलजलिया टोला निवासी रामराज यादव पुत्र बिरजू यादव उम्र 40 वर्ष के घर की लाइट खराब हो गई थी और वह बिजली के खंभे पर चढ़कर अपने घर की लाइट ठीक कर रहा था तभी अचानक वह हाईबोल्टेज करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया जिसे देखकर परिजनों में कोहराम मच गया आनन फानन में परिजनों द्वारा उसे एनटीपीसी धन्वंतरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। एसडीओ शिवम गुप्ता ने कहा गाँव का कोई व्यक्ति पोल पर चढ़ कर बगैर सूचना अपनी लाइन बना रहा था। इसी बीच वह हाईबोल्टेज करंट की चपेट में आ गया है। वह अधिकृत विभाग का लाइनमैन नही था।

# सिर में घुसी कुल्हाड़ी के साथ थाने पहुंचा बुर्जुग

## गुरेरा में हैवानियत की हद पार

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के बलुआ थाना क्षेत्र के गुरेरा गांव से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। मंगलवार को गांव के ही 65 वर्षीय बुजुर्ग बलिराम पर कुल्हाड़ी से इस कदर हमला किया गया कि उसका पलक चीरती हुई कुल्हाड़ी उनके माथे में घुस गई। इसके बावजूद घायल अवस्था में बलिराम खुद लहूलुहान हालत में थाने पहुंच



गए, जहां उनकी हालत देखकर पुलिस भी सन्न रह गई। जानकारी के मुताबिक, बलिराम गांव के प्रधान के पिता हैं और किसी बात को लेकर गांव के ही सूरज नामक युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सूरज ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने तुरंत घायल बलिराम का प्रारंभिक इलाज कराया जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर में रेफर किया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। गांव में इस घटना के बाद तनाव का माहौल है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी सूरज फरार है और उसकी तलाश जारी है।यह वारदात न सिर्फ कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि इंसानियत को भी झकझोर देती है।

# आमने-सामने बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत, दो की हालत गम्भीर

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। मौत कब किसकी कहां आजाएं कुछ कहा नही जा सकता।प्रदेश कमाने जा रहे एक युवक की प्रदेश पहुंचने से पहले ही भयानक हादसे का शिकार हो गया। जिसमें उसके साथ एक अन्य युवक की मौत हो गयी। जबकि एक मासूम और एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर जनपद के ग्राम बांगर करौंदीकला निवासी 23 वर्षीय अरविंद पुत्र रामजीत अपने चचेरे भाई 16 वर्षीय नीरज पुत्र रामजस के साथ एक बाइक पर सवार होकर बुधवार की सुबह प्रदेश जाने के लिए शाहगंज रेलवे स्टेशन के लिए निकला था। अभी वह कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव पुलिस चौकी के पास पहुँचा ही था कि विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी की दोनों बाइक पर सवार एक मासूम सहित चार लोग दूर जा गिरे। और बाइक के परखच्चे उड़ गए। जिससे चारो बुरी तरह घायल हो गए। आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को उपचार हेतू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां अरविंद को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि उसके साथ साथ बाइक चला रहा धीरज का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देखते हुए बेहतर उपचार हेतू जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहीं दूसरे बाइक सवार बुरी तरह घायल 20 वर्षीय मोनू अग्रहरि पुत्र जय प्रकाश निवासी अरसियां थाना सरपतहां को हालत गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे ही मोनू अग्रहरि की भी मौत हो गयी।जबकि उसके साथ बाइक पर बैठा 12 वर्षीय मासूम आशीष पुत्र भारत को भी प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतू चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं जब घटना की जानकारी मृतकों के परिजनों को हुई तो रो रो कर बुरा हाल हो गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद पोस्टमार्टम हेतू दोनों शवों को जिला अस्पताल भेज दिया और आगे की कार्यवाई में जुट गई।

# पारिवारिक विवाद में बिजली के खंभे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर संविदा कर्मी ने दी जान

सोनभद्र(उत्तरशक्ति)। बभनी थाना क्षेत्र के बरवाटोला गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहाँ एक संविदा बिजली कर्मी ने मामूली पारिवारिक विवाद के बाद अपने घर के सामने लगे बिजली के खंभे पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है और मृतक के परिजनों में कोहराम पसरा हुआ है।जानकारी के अनुसार, 35 वर्षीय रविंद्र बारी पुत्र जय प्रकाश बारी निवासी बरवा टोला ने मंगलवार (जुलाई 22, 2025) शाम यह खौफनाक कदम उठाया। परिजनों के मुताबिक, रविंद्र का अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस मामूली विवाद के बाद रविंद्र आवेश में आ गया और गुस्से में घर से बाहर निकल आया। उसने तुरंत घर के सामने स्थित बिजली के खंभे पर चढ़कर नायलॉन की रस्सी से फंदा बनाया और अपने गले में डालकर



छलांग लगा दी। परिजनों ने जब तक उसे बचाने के लिए दौड़ लगाई। तब तक बहुत देर हो चुकी थी,रविंद्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। इस हृदय विदारक घटना के बाद परिजनों ने तत्काल बभनी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर शिवमूरत यादव दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने खंभे से लटकते शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया। पुलिस इस मामले की आगे की जांच कर रही है।इस घटना ने एक बार फिर पारिवारिक कलह के गंभीर परिणामों को उजागर किया है और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# आजमगढ़ में जब एक दिव्यांग अपनी दिव्यांग पत्नी को पीठ पर लादकर पहुंचा

आजमगढ़(उत्तरशक्ति)। जनपद में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मंगलवार को डीएम कार्यालय के पास खड़े लोग उस समय हतप्रभ रह गए।जब एक दिव्यांग अपनी दिव्यांग पत्नी को पीठ पर लादकर पहुंचा। घुटने के बल चल रहे दिव्यांग के घुटने फर्श पर जल रहे थे, वह अंगोछा के सहारे इससे बचने की कोशिश करता डीएम कार्यालय पहुंचा। दिव्यांग अशोक ने बताया कि जहानागंज थाना क्षेत्र के कुंजी गांव का निवासी है।



गांव में उसके घर तक पहुंचने का रास्ता नहीं है। इसलिए वह गुहार लगाने के लिए डीएम साहब के पास पत्नी के साथ आया है। वह उसने बताया कि इस समय उसके गांव में चकबंदी का कार्य चल रहा है। लेकिन उनके घर तक जाने वाला रास्ता गायब हो गया है। अब वह कैसे घर से निकलेंगे यह समझ में नहीं आ रहा है।






## मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन पर रक्तदान व निः शुल्क मेडिकल कैंप



-आदेश मिश्र

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन पर चांदीवली विधान सभा के वार्ड क्र.161 खाड़ी न 3 नेताजी नगर में वार्ड अध्यक्ष ममता शुभ्रांशु दीक्षित के द्वारा आयोजित निः शुल्क मेडिकल कैंप चिकित्सा शिविर और रक्तदान का आयोजन किया गया। आयोजन में अतिथि के तौर पर उपस्थित चांदीवली विधान सभा के विधायक दिलीप मामा लांडे सहित सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। शिविर का सैकड़ों लोगों ने लाभ लिया। इस अवसर पर भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के मुंबई उपाध्यक्ष रामबिलास पाठक, एडवोकेट अनिकेत उज्वल निकम,पूर्व नगर सेवक प्रकाश मोरे, भाजपा ई.मुं.जिला उपाध्यक्ष शुभ्रांशु दीक्षित, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र यादव जेएमडी ग्रुप के अध्यक्ष हरीश पांडेय, कार्यक्रम आयोजक ममता शुभ्रांशु दीक्षित सहित क्षेत्र के कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अधिकारियों की नियुक्ति के बाद भी नहीं हुआ योगदान, ग्रामीणों में आक्रोश

-नान बाबू चौहान

**बलरामपुर(उत्तरशक्ति)।** बलरामपुर जिले की गिनती प्रदेश के पिछड़े जिलों में होती है, और यही कारण है कि यहां के सरकारी विभागों में अक्सर कर्मचारियों की तैनाती के बावजूद योगदान नहीं होता। ताजा मामला राजकीय पशु चिकित्सालय सदर बलरामपुर का है, जहां अप्रैल के पहले सप्ताह में डॉ. संजीव कुमार रस्तोगी को उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा डॉ. रविन्द्र यादव को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पद पर नियुक्त किया गया था। स्थानीय लोगों से जानकारी मिलने पर पता चला कि तीन माह बीत जाने के बाद भी दोनों अधिकारियों ने अब तक अपने पद पर योगदान नहीं दिया है। इससे चिकित्सालय में पशु चिकित्सा सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं और आए दिन ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि डॉ. संजीव कुमार रस्तोगी वर्तमान में लखनऊ के सैदापुर स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय में कार्यरत हैं, जबकि बलरामपुर में उनकी नियुक्ति के बावजूद वे वहां उपस्थित नहीं हो रहे। इस स्थिति को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रमुख सचिव, पशुपालन विभाग से अपील की है कि वे इस मामले का संज्ञान लें और नियुक्त अधिकारियों को तत्काल जिले में योगदान देने का निर्देश दें, ताकि लोगों को राहत मिल सके और पशु चिकित्सा सेवाएं पुनः सामान्य हो सकें।

## आजमगढ़:बारिश के अभाव में सूख रहीं है धान की फसल ,खेतों में पड़ी दरारे

**सरायमीर आजमगढ़।** बारिश न होने के कारण खेतों में दरारे पड़ गई है पानी के अभाव में धान की फसलें सूख रहे हैं सावन का महीना आधा से ज्यादा बीत चुका है लेकिन किसान अभी भी बारिश की आशा में टकटकी लगाए बैठे हैं जहां पर किसानों ने किसी प्रकार से धान की रोपाई कर दी थी लेकिन अब वही धान की फसलें खेतों में सूख रही हैं बारिश ना होने से नरईपुर तेजपुर कमालपुर सरायमीर सिकरौर अन्य सहित पूरे क्षेत्र में खेतों में दरारें पड़ गई हैं किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है किसान अब क्या करें उनको कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि ऐसे में किसानों की मेहनत और लागत दोनों डूबती नजर आ रही हैं । अगर अभी से ही खेतों में पानी भरकर फसल उगानी पड़ेगी तो हम कहा से क्या करेगे।

## बिजनौर केमिकल फैक्टरी में हुआ अमोनिया गैस का रिसाव, मची भगदड़

**बिजनौर (उत्तरशक्ति)।** नगीना रोड स्थित मोहित पेट्रो केमिकल फैक्टरी में बुधवार दोपहर अमोनिया गैस का रिसाव हुआ, जिससे फैक्टरी में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। वहां काम कर रहे मजदूर मौके से भागकर दूर खड़े हो गए। बाद में घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी की बौछार की और टैंक का वाल्व बंद किया। मोहित पेट्रो केमिकल फैक्टरी में दोपहर करीब तीन बजे अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हुआ। देखते ही देखते गैस तेजी से निकलने लगी। शुरूआत में फैक्टरी के लोगों ने ही अमोनिया का रिसाव रोकने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद घटना की जानकारी तीन बजकर 15 मिनट पर अग्निशमन केंद्र को दी गई। रेस्क्यू यूनिट सूचना मिलने के तुरंत बाद मौके पर पहुंची। टीम ने मोटर फायर इंजन द्वारा पंपिंग कर पानी का छिड़काव शुरू किया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में यूनिट ने अमोनिया के टैंक पर पानी डाला, जिससे अमोनिया को डायल्यूट (पानी द्वारा घोला गया/फैलने से रोकना) करते हुए मेन वाल्व को बंद किया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बचा लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कहना है कि फैक्टरी में वाटर हाइड्रेंट सिस्टम था। लेकिन गैस रिसाव के दौरान प्रयोग होने वाला ब्रीदिंग एपरेटस सेट नहीं मिला। जबकि, इस उपकरण का होना जरूरी है। क्योंकि, गैस रिसाव के दौरान सांस लेने के लिए इसकी आवश्यकता पड़ती है। सांस लेने का उपकरण नहीं होने की वजह से बाद में दमकल टीम को बुलाना पड़ा। जरूरी संसाधन नहीं होने से कर्मचारियों के साथ कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। लेकिन, समय रहते सभी कर्मचारी टैंक से दूर चले गए। दमकल विभाग के पांच कर्मियों ने सांस लेने के यंत्र और अन्य उपयुक्त वर्दी पहनकर फैक्टरी के अंदर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने टैंक पर पानी की बौछार की। काफी देर पानी की बौछार करने के बाद टीम के सदस्यों ने अमोनिया के वॉल्व को बंद किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के अनुसार, जब मोहित पेट्रो केमिकल फैक्टरी में अमोनिया गैस का रिसाव हुआ। उस दौरान फैक्टरी में करीब 30 से 40 लोग मौजूद थे।

## ट्रक की टक्कर से बालक की मौत

**बलरामपुर।** कंधरापुर थाना क्षेत्र के मंदुरी रोड पर सोमवार की शाम एक सड़क हादसे में आठ वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि उसका पिता और मामा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के हरैया गांव निवासी विवेक (8) अपने पिता बिजेंद्र (35) व मामा पंकज (30) के साथ स्कूटी से बाजार जा रहा था। तीनों बेगपुर (कंधरापुर) स्थित मामा के घर से निकले ही थे कि मंदुरी पहुंचते ही एक ट्रक से टक्कर हो गई जिससे तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने कक्षा दो के छात्र विवेक को मृत घोषित कर दिया। घायल पिता और मामा का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। परिजनों के अनुसार, मृतक विवेक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन पर वसई रोड में रक्तदान शिविर आयोजित

**वसई रोड।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राज्यभर में आयोजित भव्य रक्तदान शिविरों की श्रृंखला में, भारतीय जनता पार्टी वसई रोड मंडल द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन गणपति मंदिर हॉल, शास्त्रीनगर में किया गया। यह शिविर महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की संकल्पना और जिला अध्यक्ष प्रज्ञा पाटिल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता महेश सरवणकर ने की। इस शिविर में वसई रोड क्षेत्र में 67 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, जबकि वसई-विरार जिले में कुल 764 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर यह आयोजन ऐतिहासिक बना दिया। रक्तदान की व्यवस्था सरला ब्लड बैंक द्वारा की गई। शिविर का उद्घाटन पूर्व नगरसेवक शेखर धुरी और





किरण भोईर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भाजपा के अनेक पदाधिकारी और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें प्रज्ञा पाटिल, अशोक शेलके, कंचन झा, अपर्णा पाटिल, गोपी मेनन, मयंक दुबे, शिला अय्यर और अन्य प्रमुख नेता शामिल थे। रक्तदाताओं में विभिन्न समाजों और आयु वर्ग के लोग शामिल रहे, जिनमें महिला, युवा और वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी विशेष उल्लेखनीय रही। सभी रक्तदाताओं को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में दीपक शर्मा, कल्पेश पांडे, स्मिता वेंगुरलेकर, संगीता महादिक, जयेश घरत, प्रल्हाद यादव, माधवलाल गुप्ता, संगीता टंडन, और कई अन्य स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महेश सरवणकर ने सभी रक्तदाताओं और स्वयंसेवकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में समाज की भागीदारी हमारे संगठन की सेवा भावना को दशार्ती है।

## एचएमएसआई ने पेश की नई शाइन100 डीएक्स और सीबी125 हॉर्नेट

**पटना(उत्तरशक्ति)।** अपनी यात्रा का एक अहम पड़ाव पार करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भारत में अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस खास मौके पर कंपनी ने दो नई मोटरसाइकिलें पेश कीं सीबी125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स. ये भारतीय ग्राहकों के लिए आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत प्रोडक्ट्स देने की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। जनरेशन होंडा के इस नए युग में कदम रखते हुए, नई सीबी 125 हॉर्नेट और होंडा शाइन 100 डीएक्स की बुकिंग्स 1 अगस्त 2025 से शुरू होंगी। महत्त्वपूर्ण अवसर पर बोलते हुए, सुत्सुमु ओतानि, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया, ने कहाः ₹आज एचएमएसआई की




भारत में यात्रा का एक अहम अध्याय है। हम 25 शानदार वर्षों का जश्न मना रहे हैं और मुझे बहुत गर्व है कि हम एक नहीं, बल्कि दो नई मोटरसाइकिलें सीबी 125 हॉर्नेटऔर शाइन 100 डीएक्स पेश कर रहे हैं। ये दोनों प्रोडक्ट्स होंडा की इनोवेशन और ग्राहक-केंद्रित सोच को दशार्ते हैं। इनका लॉन्च भारतीय मार्केट के लिए एडवांस्ड और हाई-टेक मोबिलिटी सॉल्यूशंस देने के हमारे वादे को मजबूत करता है। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर, योगेश माथुर ने कहाः हम बेहद उत्साहित हैं कि हम एचएमएसआई के 25वें साल में दो बिल्कुल नई मोटरसाइकिलें पेश कर रहे हैं, जिन्हें खासतौर पर आज के युवा भारतीय राइडर्स की बदलती उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। सीबी 125 हॉर्नेट 125सीसी प्रीमियम कम्यूटर सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क सेट करने आ रही है, जिसमें मिलेगा एडवांस डिजाइन, सेगमेंट में पहली बार मिलने वाले गोल्डन युएसडी फ्रंट फोर्क्स, और बेस्ट-इन-क्लास 0 से 60 किमी प्रति घंटा की स्पीड सिर्फ 5.4 सेकंड्स में जो इसे जेन-जेड के लिए एकदम परफेक्ट अर्बन बाइक बना देती है; मतलब साफ हैः राइड देयर रिज्ज वहीं नई शाइन 100 डीएक्स एक नई ताजगी लेकर आई है।

## जमीन खरीद पर अब मिलेगा हक, रजिस्ट्री में स्टांप ड्यूटी में 1 फीसदी की सीधी छूट!

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं के लिए एक और बड़ी पहल करते हुए जमीन की रजिस्ट्री पर स्टांप ड्यूटी में 1 प्रतिशत की छूट देने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह व्यवस्था पूरे प्रदेश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से लागू होगी। सरकार की इस पहल से अब महिलाओं को जमीन पर सिर्फ अधिकार ही नहीं, पहचान भी मिलेगी। यह छूट जहां परिवारों के आर्थिक बोझ को कम करेगी, वहीं समाज में महिलाओं की भागीदारी को और भी मजबूत बनाएगी।

राज्य के स्टांप एवं न्यायालय शुल्क राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने बताया कि सरकार के इस निर्णय से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त करने का रास्ता खुलेगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी महिला के नाम एक करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदी जाती है, तो उसे ?1 लाख की स्टांप ड्यूटी में सीधी छूट मिलेगी। यह न सिर्फ राहत है, बल्कि महिला के सम्मान और हक का प्रतीक है.

राज्य सरकार का मानना है कि इस फैसले से महिलाओं के नाम पर संपत्ति खरीद में तेजी आएगी। अब तक प्रदेश में महिला नाम पर संपत्ति की हिस्सेदारी 14 फीसदी से कम रही है, लेकिन इस छूट से आने वाले वर्षों में यह आंकड़ा 25 फीसदी के करीब पहुँच सकता है।

वाराणसी समेत पूर्वांचल के कई जिलों में रजिस्ट्री दफ्तरों में महिला लाभार्थियों की पूछताछ बढ़ गई है। रजिस्ट्रार कार्यालय के एक अधिकारी के अनुसार, ह्लपहले



महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री के मामले कम थे, लेकिन सरकार की इस घोषणा के बाद अब महिलाएं स्वयं आकर जानकारी ले रही हैं।

गौरतलब है कि राज्य सरकार पहले ही मिशन शक्ति, कन्या सुमंगला, और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिला और बालिकाओं को सशक्त बनाने में लगी हुई है। अब संपत्ति अधिकार को लेकर यह नया कदम लैंगिक समानता और आर्थिक स्वतंत्रता के प्रयासों में मील का पत्थर माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह ध्यान रखना होगा कि यह छूट सिर्फ टैक्स बचत के लिए पुरुषों द्वारा महिलाओं के नाम कागजी रजिस्ट्री तक सीमित न रह जाए।

इसके लिए कानूनी निगरानी और पंचायत स्तर तक जागरूकता अभियान जरूरी होगा। उत्तर प्रदेश सरकार का यह निर्णय कि महिलाओं के नाम पर जमीन खरीदने पर स्टांप ड्यूटी में 1 प्रतिशत की छूट दी जाएगी, केवल एक वित्तीय प्रावधान नहीं है। यह एक सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से क्रांतिकारी कदम है, जो महिलाओं को संपत्ति में भागीदारी और अधिकार का सशक्त संदेश देता है। वर्षों से भारतीय समाज में संपत्ति के नाम और स्वामित्व की बात आई तो महिलाओं का नाम या तो गौण रहा या अनुपस्थित।

विशेषकर ग्रामीण भारत में महिलाओं के नाम पर जमीन होना अपवाद माना जाता रहा है। लेकिन यह निर्णय अब इस मानसिकता को बदलने का आधार बन सकता है।

एक महिला जब अपने नाम पर जमीन रजिस्ट्री कराती है, तो वह न केवल एक कागज पर हस्ताक्षर करती है, बल्कि सदियों पुराने पुरुष प्रधान स्वामित्व ढांचे को चुनौती देती है। यह निर्णय उस सोच को बढ़ावा देता है जिसमें महिला केवल परिवार की ह्यकर्मठ देखभालकर्ता नहीं, बल्कि संपत्ति की सह-स्वामिनी भी मानी जाए। आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो यह छूट महिलाओं के लिए एक प्रोत्साहन है कि वे संपत्ति खरीददारी में आगे आएं। जब किसी महिला के नाम जमीन होती है, तो बैंक से लोन लेने में आसानी होती है, उसका क्रेडिट स्कोर और वित्तीय पहचान बनती है।

यह छूट गरीब और मध्यम वर्ग की महिलाओं को भी पहली बार मालिक बनने की ओर प्रेरित करेगी। यह निर्णय योगी सरकार की मिशन शक्ति जैसी योजनाओं के क्रम में एक और सशक्त कड़ी है। राज्य सरकार का यह दृष्टिकोण स्पष्ट है कि महिलाओं की भूमिका केवल घरेलू दायरे तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन्हें निर्णय लेने, स्वामित्व और नीति-निर्माण की प्रक्रिया में समान भागीदार बनाया जाना चाहिए।

## श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा, भक्ति में डूबे श्रद्धालु, गूंजा हर-हर महादेव

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी (उत्तरशक्ति)।** सावन की पावन शिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी एक बार फिर भक्ति, दिव्यता और आस्था के चरम पर पहुंच गई। एक ओर तडके से ही श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा, वहीं दूसरी ओर शिवरात्रि के विशेष अवसर पर जब हेलीकॉप्टर से मंदिर परिसर पर पुष्पवर्षा हुई, तो मानो आकाश से स्वयं देवता आकर इस पुण्य घड़ी का स्वागत कर रहे हों। यह आयोजन वाराणसी जिला प्रशासन और काशी विश्वनाथ धाम विशेष क्षेत्र विकास परिषद् के सहयोग से हुआ। मंगलवार रात्रि से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचने लगे थे। जैसे-जैसे रात्रि गहराती गई, वैसे-वैसे मंदिर प्रांगण में आस्था का ताप और शिवभक्ति की गूंज बढ़ती गई। महाशिवरात्रि की अलौकिक बेला पर बुधवार को सुबह दस बजे हेलीकॉप्टर से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर पर भव्य पुष्पवर्षा की गई। गुलाब, गेंदा और अन्य सुगंधित फूलों की वर्षा ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। मंदिर की ऊंचाइयों से गिरते फूलों के साथ जैसे बाबा स्वयं भक्तों पर कृपा की वर्षा कर रहे हों। श्रद्धालु हर हर महादेव के जयघोष के साथ झूम उठे।

मंदिर प्रांगण में मौजूद श्रद्धालु इस पल को अपने जीवन की सबसे दिव्य अनुभूति बता रहे थे। हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालु जब अपने सिर पर फूलों की वर्षा महसूस कर रहे थे, भाव-विभोर श्रद्धालु हाथ जोड़कर बाबा को नमन करते रहे, और इस अलौकिक दृश्य को अपने कैमरों और हृदय में कैद करते गए। सुबह से ही बाबा दरबार में दर्शन और जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी थीं। जब पुष्पवर्षा शुरू हुई, तो ऐसा लगा मानो स्वयं स्वर्ग से देवगण बाबा के चरणों में श्रद्धा अर्पित कर रहे हों। पुष्पवर्षा के दौरान मंदिर परिसर में विशेष रुद्राभिषेक और मंत्रोच्चार हो रहा था। चारों ओर घंटे-घड़ियालों की ध्वनि, भक्तों के जयकारे और आकाश से गिरते फूल यह दृश्य काशीवासियों और देशभर से आए श्रद्धालुओं के लिए जीवन भर की स्मृति बन गया। काशी की महाशिवरात्रि केवल एक तिथि नहीं, एक अलौकिक अनुभूति है। यह काशी की आत्मा का उत्सव है. यह वह रात है जब पूरी काशी जागती है शिव को पूजती है, अपने भीतर के अंधकार को आलोकित करती है। पुष्पवर्षा जैसे आयोजनों ने इस वर्ष की शिवरात्रि को और भी ऐतिहासिक बना दिया। भक्तों के चेहरे पर भाव, हाथों में गंगाजल और कंठ में हर हर महादेव, यही है काशी की पहचान। मतलब साफ है बाबा विश्वनाथ की नगरी ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि जहाँ श्रद्धा है, वहाँ शिव हैं। काशी शिव की है, शिव काशी के हैं और यह संबंध शाश्वत है। जब एक पूरी रात कोई समाज जागकर शिव की साधना करता है, तो वह समाज केवल धर्म नहीं, संस्कृति का रक्षक बनता है। सावन की यह महाशिवरात्रि भी उसी परंपरा का जीवंत प्रमाण रही। शिव की उपासना केवल मुक्ति का मार्ग नहीं, जीवन की समझ है और काशी से केदारनाथ तक, यही शिवरात्रि की सबसे बड़ी शक्ति है। महाशिवरात्रि के अवसर पर चारों प्रहरों में विशेष रात्रिकालीन पूजन होगा. मंदिर प्रशासन की देखरेख में पंडितों ने विधिवत रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और रात्रि जागरण की तैयारी की है। पूजन के चार प्रहरों का समय इस प्रकार रहा : प्रथम प्रहरः 23 जुलाई, रात 7:26 से 10:06. द्वितीय प्रहरः रात 10:06 से 24 जुलाई, 12:46. तृतीय प्रहरः 24 जुलाई, 12:46 से सुबह 3:27 व चतुर्थ प्रहरः सुबह 3:27 से 6:07 बजे तक है। हर प्रहर में हजारों भक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पंचामृत से बाबा का जलाभिषेक करेंगे. लेकिन सुबह से ही मंदिर की गूंजती घंटियां, मंत्रोच्चार और भक्तों की आस्था ने पूरी काशी को शिवमय कर दिया। हर प्रहर में रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक, पंचामृत स्नान और महामृत्युंजय जाप होगा. मंदिर प्रांगण में विद्वानों द्वारा शिव तांडव स्तोत्र, रुद्राष्टाध्यायी, लघुरुद्र और शिवमहिम्न स्तोत्र का पाठ किया जायेगा. महाशिवरात्रि को लेकर पूरे वाराणसी में उत्सव का माहौल है. गंगा घाटों से लेकर मंदिर की गलियों तक हर दिशा में शिवभक्ति का रंग चढ़ा हुआ है. सुबह होते-होते बाबा दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी विशाल हो गई कि दशाश्वमेध घाट से गोदौलिया तक शिवभक्तों की कतारें देखी गईं। बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व दक्षिण भारत से आए कांवड़ियों ने काशी में रुककर बाबा को जल अर्पित किया। गंगा जल लेकर निकले कांवड़ियों की टोलियों ने पूरे शहर को शिवभक्ति की भावना से भर दिया। हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा और दर्शन-पूजन के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। लोगों ने कहा काशी में आज स्वर्ग उतर आया। फूल बरसे और मन भीग गया। कई जगहों पर बारिश व कहीं कड़ाके की धूप के बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई। कांवड़ यात्रा कर शिवालय पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं ने बताया कि महाशिवरात्रि केवल पूजा नहीं, एक भावनात्मक यात्रा है आत्मशुद्धि और परमशक्ति से जुड़ने की।

## श्री जैन धार्मिक शिक्षण संघ द्वारा भव्य श्रुतोत्सव महोत्सव का आयोजन



मालाड, मुंबई। श्री जैन धार्मिक शिक्षण संघ द्वारा आयोजित भव्य श्रुतोत्सव महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर संघ के संस्थापक एवं विकास के स्तंभ, जवाहरलाल मोतीलाल शाह को उनके अपूर्व योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस गरिमामयी समारोह की शोभा प.पू. आचार्य मुक्तिवल्लभ सुरिश्वरजी महाराज साहेब तथा अन्य आदिमुनियों की उपस्थिति से और भी बढ़ गई। उन्होंने श्री शाह को आशीर्वाद प्रदान कर उनके द्वारा किए गए धर्मोपयोगी कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर समाज के अनेक प्रमुख व्यक्तित्वों एवं राजकीय महानुभावों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख अतिथियों में विधायक संजय उपाध्याय (बोरीवली), भाजपा मुंबई सचिव योगेश वर्मा, संस्था के वर्तमान प्रमुख सुरेश देवचंद संघवी, खजानची अशोक नरसिंह चरला, मंत्री विमलेश भाई नरपतभाई और किरिट भाई कोकानी समेत कई गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने जवाहरलाल मोतीलाल शाह द्वारा शिक्षा, धर्म और समाज सेवा में दिए गए योगदान की मुक्तकंठ से सराहना की और उनके इस सम्मान पर हर्ष व्यक्त किया।

## महाराष्ट्र नायक विमोचन में स्नेहा दुबे पंडित ने लिया भाग




**मुंबई।** महाराष्ट्र के विकास के सूत्रधार, निर्णायक नेतृत्व के प्रतीक और जनसेवा को समर्पित मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन की प्रेरणादायी कॉफी टेबल बुक 'महाराष्ट्र नायक' का भव्य विमोचन संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस पुस्तक की संकल्पना राज्य के जल संसाधन मंत्री गिरीश महाजन द्वारा की गई थी। समारोह में राज्य मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, विधायक योगेश सागर, कालिदास कोलंबकर, स्नेह दूबे पंडित, सुलभा गायकवाड़, महेश बाल्दी, मंगेश चव्हाण, शकेशव उपाध्याय समेत अनेक जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी

## देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन पर वसई रोड में नोटबुक वितरण कार्यक्रम संपन्न



वसई रोड। भारतीय जनता पार्टी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के जन्मदिन के उपलक्ष्य में वार्ड क्रमांक 85, वसई रोड में बच्चों एवं नागरिकों के लिए एक विशेष नोटबुक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों व बच्चों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन माननीय उत्तमजी कुमार एवं श्रीमती कविता ताई पाटिल के कुशल नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से बाला सावंत, सिद्धेश तावड़े, ऋषि वोरानी, शेमल अजगिया, प्रणित कोप्पिकर, सुरेश प्रजापति, सुरेश हेगड़े, मनोज कुलकर्णी, प्रवीण कोटियन, मनीष राठौड़, प्रज्वल सालियान, तेजस सिंह, प्रशोभ नायर एवं पूनम पूनावाला की सक्रिय भागीदारी रही। इस प्रकार के सामाजिक उपक्रमों के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शा रही है।












## टोरेंट फार्मा ने शेल्कल की मजबूत पहचान को आगे बढ़ाते हुए वयस्कों के लिए न्यूट्रिशन पाउडर सेगमेंट में लॉन्च किया शेल्कल टोटल




मुंबई। टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (एनएसईः टीओआरएनटीपीएचएआरएम / बीएसईः 500420) ने शेल्कल टोटल के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक वैज्ञानिक तरीके से तैयार किया गया वयस्कों के लिए न्यूट्रिशन सप्लीमेंट पाउडर है, जो कंपनी के प्रमुख ब्रांड शेल्कल को तेजी से बढ़ते न्यूट्रिशन सेगमेंट में आगे बढ़ा रहा है। पिछले तीन दशकों से भरोसे का प्रतीक रहा शेल्कल, 2013 में टॉरेंट फार्मा द्वारा अधिग्रहण के बाद से भारत का नंबर 1 कैल्शियम सप्लीमेंट ब्रांड बना हुआ है। इस ब्रांड की रेंज में समय के साथ कई उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी इनोवेशन जोड़े गए हैं, जैसे शेल्कल~ प्रो गमीज और शेल्कल~ प्रो किड्स गमीज, जो हर उम्र के लोगों और उनकी बदलती स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए लाए गए हैं। अब शेल्कल~ टोटल इस ब्रांड के आधुनिक रूप का प्रतीक है, जो उपभोक्ता केंद्रित पोषण उत्पादों की ओर एक नया कदम है। टॉरेंट फार्मा के चीफ कमर्शियल ऑफिसर (इंडिया बिजनेस), अमल केलशिकर ने कहा, ₹बदलती जीवनशैली, खराब खानपान की आदतों और बढ़ते तनाव के कारण भारत में पोषण की कमी लगातार बढ़ रही है। ये सभी, हर उम्र के लोगों में जरूरी पोषण तत्वों की कमी का कारण बन रहे हैं। जैसे-जैसे लोगों में स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता और और वयस्कों की संतुलित पोषण की जरूरतें बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे भरोसेमंद और सुविधाजनक समाधान की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। शेल्कल~ टोटल इसी जरूरत का समाधान है। यह एक वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया, स्वादिष्ट सप्लीमेंट है जो डेली न्यूट्रिशन को आसान और सुलभ बनाता है, और साथ ही शेल्कल~ की वर्षों से बनी विश्वसनीयता और उपभोक्ताओं के भरोसे को बनाए रखता है।

# भारतीय दूतावास ने जापान में 12 घंटे लंबे सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन किया




मुंबई/टोक्यो। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के एक प्रभावशाली प्रदर्शन के रूप में, टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास ने ₹इंडिया अर्थात भारत 2025 - अमृतकाल का उत्सव₹ के अंतर्गत 12 घंटे लंबे सांस्कृतिक महाकुंभ का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की शास्त्रीय और लोक परंपराओं का एक गहन चित्रण प्रस्तुत किया गया। उद्घाटन समारोह में भारत के संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने एडोगावा शहर के महापौर ताकेशी सैतो, भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज और मैडम जोइस सिबी के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया, जो भारतीय और जापानी सांस्कृतिक मूल्यों के संगम का प्रतीक था।

पूरे दिन, मंच भारत की कलात्मक विरासत का एक जीवंत कैनवास बना रहा। शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुति प्रमुख रही, जिसमें मासाको सातो ग्रुप द्वारा कथक तराना, सान्या और शुभ्रा द्वारा भरतनाट्यम युगल नृत्य तथा योको किता, मयूमी फुकुशिमा और सचिको इतो द्वारा ओडिसी नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां शामिल थी, जिन्होंने अपनी कला से दर्शकों का मन मोह लिया। कलाकार एरिना कसाई ने भी एक एकल भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता को उजागर किया।

संगीत के क्षेत्र में, शिगेरु मोरियामा और अकीको कोकुबो द्वारा तबला-सितार जुगलबंदी, मोरियामा ग्रुप द्वारा तबला एकल वादन और धर्मराजन ग्रुप द्वारा भावपूर्ण गायन ने ध्वनि की गहराई प्रदान की। सुरंजना सरकार की भावपूर्ण रवींद्र संगीत प्रस्तुति ने एक काव्यात्मक माहौल प्रदान किया। इस दौरान भारत की विविध लोक परंपराओं को समान उत्साह के साथ प्रस्तुत किया गया। अवध रिदम ग्रुप और एमबीडीएस ग्रुप ने उत्साहपूर्ण राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किए, जबकि देबप्रिया मजूमदार ने बंगाल की लोक-लय को जीवंत कर दिया। निधीश करिम्बिल और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत कलारीपयट्टू के प्रभावशाली प्रदर्शन ने भारत की युद्ध परंपराओं की भावना को जागृत किया। असम बोर्डोइसिलास ग्रुप ने पूर्वोत्तर की जीवंतता का प्रदर्शन किया, जबकि राहुल भारती ग्रुप के भांगड़ा ने वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीकला बोललाजे का यक्षगान, जो कर्नाटक का समृद्ध नृत्य-नाट्य रूप है, एक उत्कृष्ट दृश्य प्रस्तुति थी। अयाको सेकिमोटो के चारिका ग्रुप की पंजाबी धुनों की प्रस्तुति ने दर्शकों को आनंद से झूमने पर मजबूर कर दिया।

इस असाधारण सांस्कृतिक संगम ने न केवल भारत की कलात्मक गहराई को, बल्कि विदेशों में उसकी सॉफ्ट पावर की बढ़ती प्रतिध्वनि को भी रेखांकित किया।

## मुंबई को दिया हरा तोहफाः MATTER AERA 5000+ के साथ शहर में आई गियर वाली इलेक्ट्रिक बाइक की नई लहर

मुंबई। तेज, गतिशील और ऊर्जा से भरपूर मुंबई अब इलेक्ट्रिक गतिशीलता की नई रफ्तार पकड़ रही है। MATTER की ओर से भारत की पहली गियर वाली इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल अएफ्अ 5000+ आज से मुंबई में उपलब्ध है। दिल्ली, बेंगलुरु, अहमदाबाद और पुणे में शानदार शुरूआत के बाद अब यह अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बाइक देश की आर्थिक राजधानी में दस्तक दे रही है—एक ऐसा शहर जो ट्रेंड सेट करता है, तेजी से बदलता है और हर नए इनोवेशन को खुले दिल से अपनाता है। AERA 5000+ को भारत में ही डिजाइन और डेवलप किया गया है और इसमें है HyperShift, जोकि खास तौर पर इलेक्ट्रिक बाइक्स के लिए बना गया 4-स्पीड मैन्युअल गियरबॉक्स है। पेट्रोल बाइक की तरह गियर बदलने का रोमांच अब इलेक्ट्रिक में भी मिलेगा, वो भी स्मूद और बिना आवाज के सफर के साथ। कीमत 1,93,826 (एक्स-शोरूम मुंबई) पर शुरू, इस बाइक की बुकिंग अब www.matter.in पर खुल चुकी है। त्योहारों के मौसम—गणपति, दशहरा और दिवाली—से पहले अएफ्अ का आगमन मुंबई की सड़कों पर और भी रंग भर देगा। MATTER के फाउंडर और सीईओ मोहल लालभाई ने कहा, ₹मुंबई कभी रुकती नहीं है। यह शहर तेज, समझदार और हमेशा आगे रहने वाला है। इसी सोच के साथ हमने AERA बनाई है—एक ऐसी बाइक जो चलाने में रोमांचक भी हो और चलाने में किफायती भी। इसमें हमारा खुद का गियरबॉक्स है, लिक्विड-कूल्ड मोटर है, और कई स्मार्ट फीचर्स हैं—जो सफर को न सिर्फ मजेदार बल्कि फायदेमंद भी बनाते हैं। भारत की पहली इलेक्ट्रिक बाइक जो देती है लाइफटाइम बैटरी वारंटी—AERA 5000+ मुंबई के राइडर्स को निश्चिंत सफर का भरोसा देती है, चाहे वीकडे की भीड़ हो या वीकेंड का ट्रिप। स्थानीय विकास, देशी सॉल्यूशनः MATTER अपनी पूरी तकनीक—पावरट्रेन से लेकर बैटरी तक—इन-हाउस बनाता है।

## लोकमान्य तिलक जयंती समारोह का हुआ आयोजन, पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी रहे उपस्थित



बोरीवली, मुंबई। भारतीय जनता पार्टी बोरीवली विधानसभा द्वारा आयोजित महान स्वतन्त्रता सेनानी, विचारक, शिक्षक, लेखक और समाज सुधारक लोकमान्य तिलक की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने उपस्थिति दर्ज कराई और लोकमान्य तिलक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जनसेवक गोपाल शेट्टी ने इस अवसर पर वहां उपस्थित विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए लोकमान्य तिलक के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालने के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए उनके महान योगदान का विस्तार से उल्लेख किया। लोकमान्य तिलक चौक, एल. टी. रोड, बोरीवली (पश्चिम) में हुए इस विशेष आयोजन में जनसेवक गोपाल शेट्टी के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश खणकर, पूर्व नगरसेवक शिवानन्द शेट्टी, पूर्व नगरसेवक प्रविण शाह, महेश राउत, दिलीप पंडित, मंडल अध्यक्ष नयनेश शाह तथा शेखर अहिरे सहित जिला एवं वार्ड के सभी पदाधिकारीऔर कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्कूल से पढ़ाई कर घर लौट रही दो किशोरियां तालाब में नहाने के दौरान डूबी, मौत



जुगैल, सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। थाना जुगैल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भरहरी टोला चकदहिया में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। स्कूल से पढ़ाई कर घर लौट रही दो किशोरियां बंधी (तालाब) में नहाने के दौरान डूब गई जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अमरावती 13 वर्ष पुत्री धर्मू तथा रिंकू 12 वर्ष पुत्री लहुरमन खरवार के रूप में हुई है। दोनों छात्राएं चकदहिया स्कूल में अध्ययनरत थीं और स्कूल से लौटते समय तालाब में नहाने चली गईं थीं। गहराई का अंदाजा न लग पाने के कारण दोनों की डूबकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान राम अवतार ने थाना जुगैल को सूचना दी। तत्काल थाना प्रभारी नागेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मृतक बच्चियों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## ग्रामवासियों में बिजली कटौती से आक्रोश



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्शा क्षेत्र में बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह विरोध प्रदर्शन किया। बिजली कटौती बंद करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समस्या नहीं सुलझी तो उपकेंद्र पर तालाबंदी करेंगे और बिल भुगतान का बहिष्कार करेंगे। उपकेंद्र के उपकरण और गांवों तक जाने वाली बिजली लाइनें जर्जर हैं। इस कारण अक्सर तार टूटने और डिस्क पंचर होने की समस्या आ रही है। बरसात शुरू होने के बाद से हर हफ्ते उपकेंद्र की एसीबी खराब हो जाती है।सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन 18 घंटे बिजली आपूर्ति का आदेश दिया है। लेकिन उपभोक्ताओं को मात्र 1-2 घंटे ही बिजली मिल रही है। बुधवार को स्थिति यह रही कि 1 घंटे में ही बिजली 40 बार कटी। हर 6 मिनट में ट्रिपिंग से लोग परेशान हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। लाइनमैन मरम्मत के नाम पर घंटों शटडाउन लेते हैं और ड्यूटी पर तैनात एसएसओ रात में अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लेते हैं। एसडीओ और जेई ने 72 घंटे में समस्या दूर करने का आश्वासन दिया है, जिसके बाद नाराज ग्रामीण शांत हुए।मौके पर पहुंचे जौनपुर सदर एसडीएम ,सीओ ,एसडीएम ने कहा जल्द से जल्द बिजली आप लोगों को मिलेगा।

## गाजीपुर में पिता ने चापड़ से काटकर की बेटे की हत्या, दोनों के बीच नहाने को लेकर हुआ था विवाद

गाजीपुर(उत्तरशक्ति)। जिले खानपुर थाना क्षेत्र के बहेरी गांव में एक पिता ने अपने बेटे की चाकू घोंप कर हत्या कर दी। दोनों के बीच नहाने को लेकर विवाद हुआ था। पिता बेटे को नहाने से मना कर रहा था। जब वो नहीं माना तो शराब के नशे में धुत पिता ने बेटे के पेट पर चापड़ से ताबड़तोड़ कई वार किए। उसकी अंतड़ियां तक बाहर आ गईं।जानकारी के मुताबिक, शहाबुद्दीन की पत्नी नहा रही थी। सलमान नट (32) ने स्नान कर रही अपनी मां से कहा जल्दी करो, क्या पूरी रात तुम्हीं नहाओगी। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र में कहासुनी हो गई। तैश में आकर शहाबुद्दीन ने पास में रखे चाकू को सलमान के पेट में घोंप दिया। घायल सलमान को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने सलमान को मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाइयों में सबसे बड़ा था। घटना के बाद से उसकी मां ताहिरा और पत्नी अफसाना समेत पूरा परिवार शोक में डूबा है। खानपुर थानाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## आस्था केन्द्र बना स्वयंभू सारनाथ महादेव मंदिर



-प्रमोद कुमार सैनी

बक्शा,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय क्षेत्र में आस्था का केंद्र बना स्वयंभू सारनाथ महादेव मंदिर के पावन धाम में त्रयोदशी शिवरात्रि पर्व पर भारी संख्या में कांवड़ियों भक्तों ने जलाभिषेक किया काशी विश्वनाथ से जल भर कर कांवड़ियों भक्तों ने बुधवार को त्रयोदशी शिवरात्रि पर सारनाथ महादेव मंदिर पहुंच भोले बाबा को जल अर्पित किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष बक्शा विक्रम लक्ष्मण सिंह पुलिस बल के साथ मंदिर परिसर में तैनात रहे।सभी श्रद्धालुओं और शिवभक्तों के लिए सिकरारा के स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रहीं।किसी भी श्रद्धालुओं को कोई भी दिक्कत होने पर स्वास्थ्य विभाग के टीम डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अंकिता, रंजना, कृष्ण कुमार, इंदू यादव, सुनील द्वारा जांच कर निशुल्क दवा वितरण किया गया। मंदिर पुजारिन संरक्षिका माला शुक्ला ने बताया कि त्रयोदशी शिवरात्रि पर भारी संख्या में कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। सभी श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सिकरारा के स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही और दवा वितरण किया गया। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है।

## एक युवक की सड़क हादसे में मौत, दूसरा घायल

सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज क्षेत्र के मांझी- बरौली मार्ग में महाराजगंज थाना अंतर्गत बंगरा गांव स्थित गंडकी नहर पुल के पास मंगलवार की रात्रि में सड़क दुर्घटना हो गई, जिसमें स्थानीय थाना के सुरबीर गांव के एक युवक की मौत सड़क हादसे में हो गई। दुसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को महाराजगंज अनुमंडल अस्पताल लाया गया, अनुमंडल अस्पताल से सीवान गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने रेफर कर दिया। घायल का गोरखपुर में इलाज चल रहा है। जख्मी जिंदगी - मौत से जूझ रहा है। बताया जाता है कि सुरबीर गांव के दिलीप यादव एंव इरफान अंसारी मोटरसाइकिल से मंगलवार की रात्रि में करीब 8 बजे महाराजगंज से पोखरा बाजार जा रहा था।बंगरा स्थित नहर पुल के समीप तेज रफ्तार से आरही वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दिलीप व इरफान बुरी तरह जख्मी हो गये। वहीं टक्कर मारने वाला वाहन चालक वाहन लेकर भागने में सफल रहा। आस-पड़ोस के लोग देखे तब तक इरफान अंसारी की मौत हो चुकी थी। वहीं ग्रामीणों द्वारा दिलीप यादव को अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति में सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दिलीप को सीवान से गोरखपुर भेज दिया गया जहां उसका इलाज हो रहा है। वहीं घटना की सुचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजीत कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक इरफान के शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की सूचना मिलते ही इरफान के घर पर परिजनों में कोहराम मच गया।


## पोखरा महावीरी झंडा मेला से आधा दर्जन बाइक चोरी

सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज में स्थानीय थाना क्षेत्र के पोखरा बाजार पर महावीरी झंडा के मेला लगा था। प्रशासन की चौकसी थी । लेकिन उचक्कों द्वारा प्रशासन की आंख से बचते हुए आधा दर्जन बाइक को चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित लोगों का कहना है कि चोरों द्वारा मास्टर चाभी का इस्तेमाल कर बाइक चुरा ली गई है . चोरी होने का आवेदन महाराजगंज थाने में दी गई है ।समाचार प्रेषित तक प्राथमिक दर्ज होने की सूचना नहीं थी।

## प्रवेश पत्र अनुपलब्धता से सक्षमता परीक्षा से वंचित रह गया शिक्षक

महाराजगंज। स्थानीय बीआरसी कार्यालय की लापरवाही के कारण एक शिक्षिका को सक्षमता परीक्षा -3 से वंचित होना पड़ा। इस संबंध में महाराजगंज प्रखंड के राउम विद्यालय की शिक्षिका अमृता कुमारी ने सीवान के डीएम व जिला के शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेजकर संबंधित अधिकारी , कर्मचारी पर कारवाई करने की मांग की है। शिक्षिका ने कहा है कि मंगलवार को जब मेरे परिवार के सदस्य बीआरसी में प्रवेश पत्र लेने गये तो वहां अनधिकृत रूप से एक शिक्षक प्रवेश पत्र दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रवेश पत्र आपको नहीं मिल सकता है। काफी अनुनय विनय करने के बाद भी मेरा प्रवेश पत्र नहीं मिला। इस बात की जानकारी मुझे हुई तो मैं जब बीआरसी पर पहुंची तो बीआरसी में ताला बंद था। देर रात्री एक शिक्षक जो विद्यालय में कम बीआरसी में ज्यादा रहते हैं ने मेरे घर पहुंचकर गेट के एक कोने में प्रवेश पत्र रखकर चलें गये।सुबह जब घर के परिजन जगे तो देखे की प्रवेश पत्र रखा हुआ है। समय नहीं मिलने पर मैं परीक्षा से वंचित हो गयी। शिक्षिका ने इसकी जांच कर संबंधित अधिकारी कर्मचारी पर कारवाई करने की मांग की है। क्या बोले बीइओ : देखिए, प्रवेश पत्र अभ्यर्थी को ही उपलब्ध कराना है। खैर जो भी आरोप है उसकी जांच होगी । मैं मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र की विद्यालयों का निरीक्षण कर रहा था।

## नेट जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करके हिमांशु ने परिवार का बढ़ाया मान



धर्मापुर, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। स्थानीय विकास खण्ड के ग्रामसभा कादीपुर पौना निवासी हिमांशु यादव ने नेट जे.आर.एफ. परीक्षा उत्तीर्ण करके परिवार सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। इसकी जानकारी होने पर जहां परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी, वहीं उनके शुभचिन्तकों, रिश्तेदारों, परिचितों द्वारा लगातार बधाई दी जा रही है। बता दें कि हिमांशु उक्त गांव निवासी अजय यादव के होनहार पुत्र हैं। इन्होंने नेट जेआरएफ परीक्षा में 99.4% अंक प्राप्त किया है। वहीं जानकारी होने पर अखिल भारतीय यादव महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश यादव फौजी, जिला पंचायत सदस्य जनता यादव, समाजसेवी राकेश यादव सहित तमाम लोगों ने हिमांशु को बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। वहीं इस बाबत पूछे जाने पर हिमांशु ने अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने गुरूजनों, माता, पिता एवं शुभचिन्तकों को दिया है।

## रोशन मौर्य का रेलवे अवर अभियन्ता पद पर हुआ चयन




जौनपुर(उत्तरशक्ति)।बचपन से ही होनहार रहे रोशन मौर्य ने रेलवे में अवर अभियंता सिविल पद पर चयनित होकर परिवार सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। बता दें कि रोशन जी जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर ग्राम मोलनापुर, छबीलेपुर विकास खण्ड करंजाकला के मूल निवासी हैं। इनके पिता रामानन्द मौर्य जौनपुर के लोक निर्माण विभाग में स्टेनो हैं तथा दादा महातिम मौर्य उत्तर प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक पद से अवकाश ग्रहण किये हैं। साथ ही रोशन के बड़े भाई इं. अंकित मौर्य सी.पी.डब्ल्यू.डी. में जे.ई. पद को सुशोभित कर रहे हैं। रोशन के चयन होने पर जहां परिवार में खुशी का माहौल कायम हो गया है, वहीं रोशन सहित उनके स्टेनो पिता रामानन्द मौर्य सहित उनके अवकाशप्राप्त दादा महातिम मौर्य को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## 26 .43 लाख रुपए की लूट, शिवरिहा गांव में सड़क बनी नही निकाला गया धन



सुजानगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय क्षेत्र के शिवरिहा गांव में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार की मिलभगत से बिना सड़क निर्माण कराए ही 26.43 लाख रुपए निकाल लिए गए। यह आरोप मुंगरा बादशाहपुर के विधायक पंकज पटेल ने लगाया साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना भी साधा। दरअसल कुछ ग्रामीणों ने सड़क जर्जर होने की बात विधायक से कही थी जिसके बाद मंगलवार को विधायक खुद निरीक्षण करने पहुंच गए। देखा तो सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे मे तब्दील और झील बनी हुई है। सड़क की हालत एकदम जर्जर है। जिसे देखते ही विधायक ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को फोन लगाकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस सड़क की लंबाई 2.3 किमी0 है और मेरे ही प्रस्ताव पर 2023-24 में स्वीकृत हुई थी और इस सड़क निर्माण के नाम पर 26.43 लाख रुपए निकाल भी लिए गए हैं। जिस पर प्रमुख सचिव ने जांच करने की बात कही। बुधवार को सुबह शिवरिहा गांव के लोग अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक अधिकारियों और ठेकेदार के ऊपर कार्रवाई नहीं होगी और इस सड़क के निर्माण का आश्वासन सक्षम अधिकारियों द्वारा नहीं मिल जाता तब तक हम लोग धरने से नहीं उठेंगे। इसमें सौरभ यादव, रिंकू यादव, दीपक मिश्र, मल्कू यादव, रविन्द्र यादव, सौरभ मिश्र आदि हैं।

## हनुमान मंदिर में भक्ति और संस्कृति का अनुपम संगम



मुंबई। श्रावण मास के दूसरे पावन सोमवार को कांदिवली पश्चिम के बंदरपाखाड़ी स्थित हनुमान मंदिर में एक भव्य आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सुंदर संध्या का संयोजन लोकगायिका पूनम विश्वकर्मा ने किया था, जिसमें भजन, कजरी और लोकगीतों के माध्यम से भक्तों को भक्तिरस में सराबोर किया गया।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई प्रसिद्ध लोकगायक बालेंद्र विश्वकर्मा ने, जिन्होंने अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज में एक से बढ़कर एक भजनों और कजरी गीतों की प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति ने मंदिर परिसर को भक्तिमय वातावरण से भर दिया और श्रद्धालुओं को गहरे आध्यात्मिक अनुभव से जोड़ा। इस विशेष अवसर पर पूनम के पिता समेत अनेक प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिवसेना नेता बाबूलाल विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी स्मरणीय बना दिया। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि सामाजिक एकजुटता, पारिवारिक सहभागिता और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का माध्यम भी बना। हनुमान मंदिर का यह आयोजन सभी श्रद्धालुओं के लिए एक भावनात्मक और प्रेरणादायी अनुभव रहा।

## होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने पेश की नई शाइन 100 डीएक्स और सीबी125 हॉर्नेट



मुंबई। अपनी यात्रा का एक अहम पड़ाव पार करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज भारत में अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस खास मौके पर कंपनी ने दो नई मोटरसाइकिलें पेश कीं – सीबी125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स. ये भारतीय ग्राहकों के लिए आधुनिक और तकनीकी रूप से उन्नत प्रोडक्ट्स देने की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। जनरेशन होंडा के इस नए युग में कदम रखते हुए, नई सीबी 125 हॉर्नेट और होंडा शाइन 100 डीएक्स की बुकिंग्स 1 अगस्त 2025 से शुरू होंगी। महत्त्वपूर्ण अवसर पर बोलते हुए, सुत्सुमु ओतानि, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया, ने कहाः आज एचएमएसआई की भारत में यात्रा का एक अहम अध्याय है। हम 25 शानदार वर्षों का जश्न मना रहे हैं और मुझे बहुत गर्व है कि हम एक नहीं, बल्कि दो नई मोटरसाइकिलें—सीबी 125 हॉर्नेटऔर शाइन 100 डीएक्स—पेश कर रहे हैं। ये दोनों प्रोडक्ट्स होंडा की इनोवेशन और ग्राहक-केंद्रित सोच को दशार्ते हैं। इनका लॉन्च भारतीय मार्केट के लिए एडवांस्ड और हाई-टेक मोबिलिटी सॉल्यूशंस देने के हमारे वादे को मजबूत करता है। यह उत्सव होंडा की वर्ल्डवाइड 500 मिलियन प्रोडक्शन माइलस्टोन और एचएमएसआई की 70 मिलियन प्रोडक्शन उपलब्धि के साथ भी जुड़ा हुआ है। हम अपने कस्टमर्स, पार्टनर्स और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जिनकी वजह से यह सफर मुमकिन हुआ। आने वाले वर्षों में हम इसी तरह अपनी ग्रोथ को और तेज करने के लिए उत्साहित हैं।

## पीएनबी ने अपने ग्राहकों से 08 .08 .2025 तक केवाईसी विवरण अद्यतन करने का आग्रह किया है

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) दिशानिदेर्शों के अनुपालन में, सार्वजनिक क्षेत्र में भारत के अग्रणी बैंकों में से एक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने ग्राहकों से 08.08.2025 तक अपने ग्राहक को जानें(केवाईसी) जानकारी अपडेट करने के लिए आग्रह किया है ताकि उनके खातों का सुचारू कामकाज सुनिश्चित हो सके। यह केवल उन ग्राहकों के लिए लागू है जिनके खातों में 30.06.2025 तक केवाईसी अद्यतन होना शेष है। केवाईसी अनुपालन अभ्यास के हिस्से के रूप में, पीएनबी ग्राहकों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी अद्यतन जानकारी जैसे पहचान प्रमाण, पता प्रमाण, नवीनतम फोटो, पैन/फॉर्म 60, आय प्रमाण, मोबाइल नंबर (यदि उपलब्ध नहीं है) या कोई अन्य केवाईसी जानकारी किसी भी शाखा को प्रदान करें। यह 08.08.2025 तक पीएनबी वन, इंटरनेट बैंकिंग सर्विसेज (आईबीएस) या पंजीकृत ईमेल/पोस्ट के माध्यम से भी उनकी आधार शाखा में किया जा सकता हैक निर्धारित समय के भीतर केवाईसी विवरण अद्यतन करने में विफलता के परिणामस्वरूप खाता संचालन पर प्रतिबंध लग सकता है। किसी भी सहायता के लिए ग्राहक अपनी नजदीकी पीएनबी शाखा में जा सकते हैं या आधिकारिक वेबसाइ https://www.pnbindia.in/ देख सकते हैं ।